29 मार्च, 2025
चैत्र, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 158

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

कोकर में कोहराम, दो सगे भाई रीमिक्स फॉल में डूबे





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## राज्यपाल से मिले वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर

# एनपीयू के रजिस्ट्रार और डीन पर कार्रवाई का आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने नीलांबर-पीतांबर, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितता संबंधी जांच कराने के लिए राज्यपाल का आभार प्रकट किया। उन्होंने जांच में दोषी पाये गये प्रभारी कुलसचिव, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, सीसीडीसी एवं प्रोक्टर आदि दोषी अधिकारियों पर शीघ्र कार्रवाई करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितताओं संबंधी अन्य विषयों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने के लिए आग्रह किया। बताते चलें कि राज्यपाल के समक्ष राधाकृष्ण किशोर द्वारा 13 फरवरी को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता के संदर्भ में शिकायत की गयी थी। राज्यपाल ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए 3 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था।

समिति स्थल निरीक्षण कर विभिन्न विसंगतियों की जांच कर राज्यपाल के समक्ष अपना प्रतिवेदन समर्पित किया। प्रतिवेदन के अनुसार, निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप नहीं पाया गया और संवेदक द्वारा निम्न गुणवत्ता का कार्य किया गया है। मौके पर वित्त मंत्री ने राज्यपाल को राज्य के 2024-25 के राजस्व संग्रहण एवं राज्य के विकास योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की।

## नेता प्रतिपक्ष ने बालू की किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर चिंता जतायी

# बालू के हजारों करोड़ के अवैध कारोबार को ध्वस्त करे इडी : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में बालू की किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर गंभीर चिंता जतायी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बालू के अवैध कारोबार में सरकार, खनन माफिया, ट्रांसपोर्टर, अधिकारी और दलालों की मिलीभगत है, जिससे आम जनता को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राज्य में बालू के लिए हाहाकार मचा हुआ है और आम जनता की जेब से मनमानी कीमत वसूली जा रही है। मरांडी ने कहा है कि रांची में निर्माण कार्य के लिए इस्तेमाल होने वाला बालू मुख्यतः सिल्ली, बुंडू और सोनाहातू से लाया जाता है। बालू घाट से निकलने पर इसकी कीमत लगभग 5,000 रुपये होती है, लेकिन रांची पहुंचते-पहुंचते कीमत 45,000 के पार चली जाती है।

बाबूलाल ने इस 60 किमी की दूरी में बालू की कीमत में नौ गुना इजाफे को एक संगठित अवैध कारोबार का नतीजा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अवैध कारोबार में खनन माफिया, ट्रांसपोर्टर, अधिकारी और दलालों का गठजोड़ शामिल है।

बालू घाट पर अवैध एंट्री, परिवहन के दौरान अवैध पासिंग और ब्लैक मार्केटिंग के माध्यम से भारी रकम वसूली जा रही है। झारखंड में लगभग 440 बालू घाटों में से केवल 31 कानूनी रूप से संचालित हैं, जिसके कारण आम आदमी को महंगे दामों पर बालू खरीदना पड़ रहा है।

मरांडी ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि वे झारखंड में चल रहे हजारों करोड़ के अवैध बालू कारोबार तंत्र को ध्वस्त करे, ताकि आम जनता को सस्ती कीमत पर पर्याप्त बालू उपलब्ध हो सके और राजस्व के नुकसान को कम किया जा सके।

## रांची में 2 दिन में 2 हत्या, कानून व्यवस्था ध्वस्त : बाबूलाल मरांडी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में लगातार 2 दिनों में 2 नेताओं की हत्या कर दी गयी है। इस पर विपक्ष हमलावर है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घेरा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर तंज कसते हुए कहा, हेमंत सोरेन जी, आपको यदि रमजान के इफ्तारी खाने और ईद की बधाइयां देने से फुर्सत मिल गयी हो, तो राजधानी रांची में दो दिनों के भीतर हुई दो नृशंस हत्याओं की जिम्मेदार भी लें। डायलॉग बाजी छोड़कर कानून व्यवस्था को दुरुस्त करिए, अन्यथा विपक्ष भी वार का पलटवार करना जानता है।

# आजसू ने की उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के जिला प्रभारी और संयोजकों की घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी ने जिला संगठनों में विस्तार के लिए जिला प्रभारी और संयोजकों की घोषणा की है।

आजसू पार्टी ने संगठन को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न पदों पर नये प्रभारी नियुक्त किये हैं।

पार्टी नेतृत्व ने सभी नामांकित प्रभारियों से आग्रह किया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करें।

**संगठनात्मक विस्तार और नेतृत्व क्षमता को सशक्त करने के उद्देश्य से निम्नलिखित लोगों को प्रमंडल, जिला स्तर पर दायित्व सौंपे गये हैं**

### उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी

1.डॉ. लंबोदर महतो : संयोजक
2.निर्मल महतो : प्रभारी
3.विजय कुमार साहू : प्रभारी

### हजारीबाग जिला

1. मनोज कुमार महतो : संयोजक
2.संदीप कुशवाहा : प्रभारी
3.राज सिंह चौहान: प्रभारी
4.कालेश्वर गंझू : प्रभारी
5.प्रदीप कुमार मेहता : प्रभारी
6.अशोक गहलोत : प्रभारी
7.सिद्धार्थ शंकर राय : प्रभारी
8.लीलाधन साव : प्रभारी

### रामगढ़ जिला

1.नरेश महतो : संयोजक
2.हेमलाल महतो : प्रभारी
3.मदन महतो : प्रभारी
4.हाकिम अंसारी : प्रभारी
5.अशोक बेदिया: प्रभारी

### कोडरमा जिला

1.संजय मेहता : संयोजक
2.अजीत वर्णवाल : प्रभारी
3.मनोज ठाकुर : प्रभारी
4. विकास महतो : प्रभारी

### बोकारो जिला

1.संतोष महतो : संयोजक
2.राजेश महतो : प्रभारी
3.टिकैत महतो : प्रभारी
4. कमलेश महतो : प्रभारी
5. दुर्गाचरण महतो : प्रभारी
6.लक्ष्मण प्रताप सिंह : प्रभारी

### गिरिडीह जिला

1.काशीनाथ सिंह : संयोजक
2.संजय साहू : प्रभारी
3.छक्कन महतो : प्रभारी
4. अनूप पांडेय : प्रभारी
5.जयलाल महतो : प्रभारी
6.कंपू यादव : प्रभारी
7.अभिषेक महतो : प्रभारी

### धनबाद जिला

1.अजय सिंह : संयोजक
2.संतोष कुमार महतो : प्रभारी
3.नवीन महतो : प्रभारी
4.ईसराफील लाला : प्रभारी
5.सुभाष रवानी : प्रभारी
6.गिरिधर महतो : प्रभारी

### चतरा जिला

1.उमेश सिंह भोगता : संयोजक
2.पारसनाथ सिंह : प्रभारी
3.उमेश मेहता: प्रभारी
4.संदीप सिंह : प्रभारी
5. मनमंत वैश्य : प्रभारी

# झारखंड की जेलों में निदेशालय प्रणाली हो लागू : अजय साह

**वर्तमान जेल व्यवस्था अपराधियों के मन में कोई भय उत्पन्न नहीं करती**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार द्वारा पारित झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक 2025 पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था का एक प्रमुख कारण अप्रभावी जेल प्रणाली है। वर्तमान जेल व्यवस्था अपराधियों के मन में कोई भय उत्पन्न नहीं करती, जिससे अपराध पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो गया है। जब तक अपराधियों को जेल जाने का डर नहीं होगा, तब तक अपराधों पर अंकुश नहीं लग सकता।

अजय साह ने कहा कि झारखंड में पुलिस, होमगार्ड और जेल विभाग तीनों गृह विभाग के अंतर्गत आते हैं। पुलिस और होमगार्ड में निदेशालय (डायरेक्टरेट) प्रणाली लागू है, लेकिन जेल प्रशासन अभी भी ब्रिटिश कालीन निरीक्षणालय (इंस्पेक्टिरेट) प्रणाली पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1980) की सिफारिशों के बाद लगभग सभी राज्यों ने पुलिस प्रशासन को निरीक्षणालय से निदेशालय में बदला, लेकिन झारखंड की जेल प्रणाली अब भी औपनिवेशिक व्यवस्था के अधीन चल रही है।

साह ने भारत सरकार द्वारा जारी मॉडल जेल एवं सुधारात्मक सेवा अधिनियम, 2023 और मॉडल जेल मैनुअल, 2016 का हवाला देते हुए कहा कि इन दस्तावेजों में जेल प्रशासन को प्रभावी बनाने के लिए निरीक्षणालय प्रणाली को समाप्त कर निदेशालय प्रणाली अपनाने की सिफारिश की गयी है।

# भूपल साव की जघन्य हत्या पर बिफरे सुदेश महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने रातू प्रखंड उपाध्यक्ष भूपल साव की जघन्य हत्या पर गहरा दुःख और रोष जताया है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में लगातार राजनीतिक -सामाजिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं हो रही हैं, लेकिन राज्य सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंग रही। कानून व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त है।

## चंद्रप्रकाश चौधरी और प्रवीण प्रभाकर मिले अनिल टाइगर के परिजनों से

# अपराधी बेखौफ घूम रहे, पुलिस सो रही है : चंद्रप्रकाश चौधरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने शुक्रवार को दिवंगत अनिल टाइगर के परिजनों से मिलने उनके पैतृक गांव खटंगा पहुंचे। दोनों नेताओं ने उनके पुत्र सूरज महतो एवं भाइयों से जानकारी ली। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि अनिल टाइगर की हत्या उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। क्या इसी झारखंड के लिए आजसू कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया था, जहां आम जनता के जीवन की कोई कीमत नहीं और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनिल टाइगर के बाद भूपल साव की हत्या ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनादेश का सम्मान करें और कानून व्यवस्था सुधारें।

# चाइबासा में फूड प्वायजनिंग से एक बच्चे की मौत, 20 बीमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर इलाके में फूड प्वायजनिंग से एक बच्चे की मौत हो गयी है और 20 अन्य बीमार हैं। घटना जेटेया पंचायत के नयागांव की है। कुछ बच्चों का इलाज जगन्नाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा है, जबकि कुछ का इलाज चंपुवा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को गांव के बच्चे प्राथमिक विद्यालय नयागांव ओड़िया स्कूल में पढ़ने गये थे और इस दौरान मिड डे मील में मिला खाना खाया था। इसके बाद एक-एक कर बच्चों को उल्टी-दस्त होने लगा। छह साल की आयुषी गौप की मौत हो गयी, जबकि सात बच्चों को इलाज के लिए जगन्नाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां डॉ ब्रजमोहन हेस्सा ने बच्चों का इलाज किया। बीमार बच्चों में दीपांजलि गोप, आरोही गोप, अनीश कुमार गोप आदि शामिल हैं। ये सभी बच्चे नयागांव गोप टोला के हैं। एक बच्चे को चाइबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जबकि 15-20 बच्चे बीमार हैं।

# बाउरी, भानु और नवीन मिले अनिल टाइगर के परिजनों से

**कहा-भाजपा परिवार इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, भावनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, हटिया विधायक नवीन जायसवाल और भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने शुक्रवार को भाजपा रांची ग्रामीण जिला के महामंत्री, रामनवमी समिति, कांके के अध्यक्ष और पूर्व जिला परिषद सदस्य दिवंगत अनिल महतो टाइगर के आवास पर उनके परिजनों से मुलाकात की। मौके पर सभी ने परिजनों को आश्वस्त किया कि भाजपा परिवार इस दुख की घड़ी में उनके साथ है और पार्टी अनिल महतो टाइगर के हत्यारे को कड़ी सजा दिला कर रहेगी।

# झारखंड में 639 पदों पर पूर्व सैनिकों की होगी नियुक्ति

## इंटरव्यू 28, 29 और 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शुरू होगा

**अभिषेक कुमार**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान को मजबूती देने और जेल, औद्योगिक प्रतिष्ठान और थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 639 पदों पर पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जायेगी।

झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में पर्याप्त सशस्त्र बल उपलब्ध कराने के लिए विशेष सहायक पुलिस (सैप) की दो बटालियनों का गठन किया गया है। इनमें से एक बटालियन रांची के टाटीसिलवे में और दूसरी जमशेदपुर के हलुदबनी में स्थित है।

इन दोनों बटालियनों में भारतीय सेना से भूतपूर्व सैनिकों जैसे



सूबेदार, मेजर, नायक, हवलदार, सिपाही, चालक, लिपिक और रसोइयों को अनुबंध के आधार पर अस्थाई नियुक्त किया जायेगा। इन्हें विशेष पुलिस पदाधिकारी का दर्जा दिया जायेगा।

इन पदों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया डोरंडा स्थित जैप 1 में होगी। इंटरव्यू 28, 29 और 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

### रिक्त पदों का विवरण

- सूबेदार मेजर 02
- नायब सूबेदार (सामान्य) 10
- नायब सूबेदार (तकनीकी) 03
- नायब सूबेदार (वितंतु) 17
- हवलदार (सामान्य) 124
- हवलदार (चालक) 08
- सिपाही( सामान्य) 438
- सिपाही (चालक) 23
- रसोईया 14

# निजी स्कूलों के यूनिफॉर्म और कॉपी-किताब बेचने पर भी रोक लगे : कैलाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अभिभावक संघ झारखंड के अध्यक्ष कैलाश यादव ने शुक्रवार को निजी स्कूलों के मनमानी ढंग से री-एडमिशन शुल्क, वार्षिक शुल्क जैसे अतिरिक्त शुल्क वसूलने के खिलाफ लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक कमिटी बनाने की घोषणा का सहृदय स्वागत किया है। यादव ने प्रेस ब्यान जारी कर सरकार और प्रशासन को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना है कि री-एडमिशन, वार्षिक शुल्क वसूलने के अलावा स्कूलों/परिसरों में यूनिफॉर्म और कॉपी-किताब बेचने पर भी सख्त रोक लगाये जाने पर संज्ञान लेने होंगे। अभिभावक संघ झारखंड के अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि प्रशासनिक कमिटी को निजी स्कूलों की मनमानी पर 2.50 लाख का जुर्माना लगाने के साथ यूनिफॉर्म और कॉपी-किताब बेचने पर भी प्रतिबंध लगाने एवं जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए। साथ ही प्रशासनिक कमिटी के आदेशों की अवहेलना करने पर अभिभावकों की शिकायत मिलने के बाद निजी स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए स्कूलों की मान्यता रद्द होनी चाहिए। इन सभी सुझाव को लेकर सरहुल, ईद के बाद अभिभावक संघ झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर अवगत करायेगा।

## परिसीमन समय की मांग, इससे बहुसंख्यक सदान को न्याय मिलेगा

# परिसीमन का विरोध अनुचित : राजेंद्र प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने परिसीमन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान को अनुचित बताया है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रजातंत्र में मुख्यमंत्री राज्य का राजा है और प्रजा के साथ न्याय करना उनका कर्तव्य है। मुख्यमंत्री संवैधानिक पद है। परिसीमन करना समय की मांग है, इससे बहुसंख्यक सदान को न्याय मिलेगा।

सदानों को कभी न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों को सरकार के द्वारा कोई अलग मान्यता नहीं मिली है, जिससे कारण राज्य के 74% गैर आदिवासी के साथ मूलवासी सदान की भी गिनती होती है। कहा मूलवासी सदान झारखंड में दोयम दर्जे का नागरिक बनकर रह गये हैं। कहा परिसीमन होने से विधानसभा की सीट भी बढ़ेगी और विधानसभा का गठन होगा। राज्य सरकार में कांग्रेस पार्टी भी शामिल है और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान की रक्षा करने और पिछड़ी, दलितों के अधिकार दिलाने की बात करते हैं। इसका ख्याल रखते हुए भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परिसीमन का विरोध नहीं करना चाहिए। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण को लेकर भी परिसीमन कराना आवश्यक है।

राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि परिसीमन कराना एक संवैधानिक प्रक्रिया है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि 2008 में परिसीमन नहीं कराना यह तुष्टीकरण और संविधान के खिलाफ था। प्रसाद ने कहा कि 2026 में हर हाल में केंद्र सरकार से परिसीमन कराने की मांग की है। प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लोकसभा का क्षेत्र भी बहुत लंबा चौड़ा है। इसमें भी सुधार करने की जरूरत है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में परिसीमन के बाद लोकसभा की सीट को 14 से बढ़कर 28 करना चाहिए और विधानसभा की सीट को 81 से बढ़ कर 160 करने की जरूरत बतायी। कहा कि झारखंड में विधानसभा की सीट को बढ़ाते हुए विधान परिषद का गठन करने की मांग की है, जिससे वैसे क्षेत्रों के लोगों को भी विधान परिषद में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, जो आरक्षित सीटों के कारण विधानसभा और लोकसभा में कभी प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहे हैं।

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

# सेवा, सुशासन और विकास के 3 वर्ष



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## उत्तराखण्ड कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता 2025

**Explore Uttarakhand Beyond Frames**

उत्तराखण्ड राज्य की संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने, राज्य को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स को आमंत्रित किए जाने हेतु उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद द्वारा कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन हेतु मुख्यतः निम्न 8 विषयों के तहत दो श्रेणी (कैटेगरी) 01 मिनट की रील और 05 मिनट की शॉर्ट फिल्मों को शामिल किया गया है, प्रत्येक श्रेणी में एक सर्वश्रेष्ठ फिल्म को पुरस्कृत किया जाएगा।

### प्रतियोगिता के विषय (श्रेणी-रील एवं शॉर्ट फिल्म)

- उत्तराखण्ड के पारंपरिक खानपान
- उत्तराखण्ड के होमस्टे
- उत्तराखण्ड के वेडिंग डेस्टिनेशन
- उत्तराखण्ड के बारहमासी पर्यटन
- उत्तराखण्ड के पौराणिक मंदिर एवं तीर्थाटन (अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध)
- उत्तराखण्ड के साहसिक पर्यटन स्थल (अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध)
- उत्तराखण्ड के आयुष एवं वेलनेस
- उत्तराखण्ड के अनछुए मनोरम पर्यटन स्थल

आवेदन प्रारम्भ 1 अप्रैल, 2025 | अंतिम तिथि 23 अप्रैल, 2025

**प्रत्येक विषय हेतु निर्धारित श्रेणियों में चयनित सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को ₹5-5 लाख का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।**

पंजीकरण के लिए

लॉग इन करें: https://itda.uk.gov.in/content-competition

या

स्कैन करें

प्रतियोगिता के आवेदन हेतु आवेदक के व्यक्तिगत सोशल मीडिया पर निम्न में से किसी भी एक प्लेटफॉर्म पर न्यूनतम-फॉलोवर्स-सब्सक्राइबर्स होने आवश्यक हैं, जिनके स्क्रीनशॉट आवेदक द्वारा आवेदन करते समय पर संलग्न किए जाने अनिवार्य होंगे-

| | | | |
|---|---|---|---|
| फेसबुक न्यूनतम 10,000 फॉलोवर | एक्स न्यूनतम 5,000 फॉलोवर | यूट्यूब न्यूनतम 5,000 सब्सक्राइबर | इंस्टाग्राम न्यूनतम 10,000 फॉलोवर |

# पर्यटन के अनदेखे रंग, देखिए उत्तराखण्ड



### एडवेंचर टूरिज्म

पर्यटन के क्षेत्र में देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान रखने वाला उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ-साथ साहसिक पर्यटन गतिविधियों का गढ़ है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही राज्य सरकार ने साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की है। राज्य में आने वाले पर्यटक ऋषिकेश में राफ्टिंग के साथ ही बंजी जंपिंग, फ्लाइंग फॉक्स, रिवर क्रॉसिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों के जरिए साहसिक रोमांच का आनंद उठा सकते हैं। वहीं पहाड़ों की गोद में बसी टिहरी झील अपनी मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता से पर्यटकों का मन मोह लेती है। पर्यटक इस झील में फ्लोटिंग हाउस, शिकारा बोट और क्रूज, नौका विहार, जेट स्पीड बोट सवारी, वाटर स्कीइंग, जॉर्बिंग, बनाना बोट सवारी, बैंडवैगन बोट सवारी, हॉट एयर बैलून सवारी और पैराग्लाइडिंग जैसी अनेकों गतिविधियों का आनंद उठा रहे हैं।



### पैराग्लाइडिंग

पर्यटन का केंद्र कहे जाने वाले उत्तराखण्ड में तीर्थाटन के साथ ही साहसिक पर्यटन गतिविधियां भी देश-विदेश के सैलानियों को आकर्षित कर रही हैं। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड की ओर से एयर और वाटर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इससे व्यापक स्तर पर उत्तराखण्ड के साहसिक पर्यटन को पहचान मिलती दिख रही है। खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन के साथ रोजगार सृजन की दिशा में भी प्रदेश आगे बढ़ रहा है। चारधाम समेत तमाम मठ-मंदिरों की आध्यात्मिक शक्तियों के आगे नतमस्तक विश्व अब उत्तराखण्ड में पर्यटन गतिविधियों के लिए भी खिंचा आ रहा है।

### ट्रेकिंग

उत्तराखण्ड ऐसे पहाड़ी इलाकों से भरा हुआ है, जो राज्य को ट्रेकिंग के लिए देश में सर्वश्रेष्ठ पर्यटक स्थलों में से एक बनाता है। आप यहां अपनी शारीरिक फिटनेस का परीक्षण कर सकते हैं। उत्तराखण्ड अपनी पहाड़ियों में स्थित पगडंडियों और अनछुई भव्यता के कारण यात्रियों का पसंदीदा ट्रेकिंग गंतव्य रहा है। साहसिक व उत्साही लोगों के लिए उत्तराखण्ड ट्रेकिंग के माध्यम से कुछ नया खोजने के लिए अनंत स्थान प्रदान करता है।

पिथौरागढ़ जिले में मुनस्यारी-मरतोली-मिलम-रालम ग्लेशियर ट्रेक, बागेश्वर जिले में सुंदरढुंगा-पिंडारी-कफनी ग्लेशियर ट्रेक यहां के सबसे लोकप्रिय ट्रेकिंग मार्गों में से एक है।





### स्टारगेज़िंग

स्टारगेज़िंग विज्ञान को जीवन में लाने और हमारी प्राकृतिक दुनिया की सुंदरता का अनुभव करने का एक जादुई तरीका है। अंतरिक्ष की विशाल छतरी को देखना एक रोमांचकारी अनुभव है जिसका हर कोई आनंद ले सकता है। यदि आप तारों भरे आसमान को निहारना पसंद करते हैं, तो उत्तराखण्ड में इस अनुभव को यादगार पलों में बदलने के लिए अनेकों स्थल हैं।

राज्य के कुछ स्थान जो स्टारगेज़िंग के स्पष्ट दृश्य पेश करते हैं, उनमें औली के पास गोरसन बुग्याल, नैनीताल के पास ज्योलीकोट, उत्तरकाशी के केदारकांठा, पिथौरागढ़ के मुनस्यारी, मजखाली (रानीखेत के पास एक छोटा-सा गांव), चकराता और चौकोड़ी से स्टारगेज़िंग का भी आनंद लिया जा सकता है।



### बंजी जंपिंग

बंजी जंपिंग सिर्फ रस्सी बांधकर ऊंचाई से कूदना नहीं है बल्कि यह एक साहस की छलांग से भी कहीं ज्यादा है। यह एक ऐसी कूद है, जो आपके दिल से डर को हमेशा के लिए दूर कर देती है और डर मुकाबला करने का साहस पैदा करती है। राज्य में पहाड़ियों से घिरी प्रकृति की गोद से बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती। उत्तराखण्ड के ऋषिकेश में देश के सबसे ऊंचे बंजी प्लेटफॉर्म में से एक है, जो करीब 83 मीटर (करीब 272 फीट) ऊंचा है।

## उत्तराखण्ड होमस्टे

घर जैसा अहसास, उत्तराखण्ड होमस्टे के साथ



### ट्रेकिंग रूट पर भी होम स्टे

पर्यटकों को एक और अनोखा अनुभव देने के लिए उत्तराखण्ड सरकार ने ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर होम स्टे योजना शुरू की है। इस अभिनव प्रयास से पर्यटकों को ट्रेकिंग मार्गों पर घर जैसी बेहतर सुविधा और सुरक्षा का अहसास मिला है। साथ ही स्थानीय व्यक्तियों को स्वरोजगार के जरिए तरक्की की सौगात मिली है। ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर होम स्टे अनुदान योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चमोली और रूद्रप्रयाग में 15 ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर अधिसूचित किए गए हैं। यानी कुल 6 जिलों में 87 गांव अधिसूचित किए गए हैं। अब तक लगभग 215 लाभार्थियों का चयन किया गया है। ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर के 2 किमी के दायरे में आने वाले गांवों में होम स्टे बनाने के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जा रही है।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 29 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# जल संरक्षण के लिए अभिनव तरीके अपनायें : मुख्य सचिव

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नेशनल वाटर मिशन के राज्य आधारित एक्शन प्लान पर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक
- नेशनल वाटर मिशन का मुख्य मकसद जल संरक्षण के साथ पानी की बर्बादी को कम करना है

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने झारखंड में जल संरक्षण के क्षेत्र में अभिनव तरीके अपनाने पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय बना कर इस दिशा में आगे बढ़ें। झारखंड में जल संसाधन के क्षेत्र में हुए अध्ययन और आंकड़े के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि राज्य में पर्याप्त बारिश होती है, लेकिन हम उसे पूरी तरह रोक नहीं पा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण कैसे हो, इस दिशा में हमारा फोकस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के कई भागों में जल संकट चुनौती बनकर खड़ी हो चुकी है। झारखंड में अभी यह स्थिति नहीं है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और क्लाइमेट चेंज के दौर में झारखंड में भी यह स्थिति धीरे-धीरे बन सकती है, इसलिए अभी से सचेत होकर इस दिशा में सार्थक पहल करने की जरूरत है। वह शुक्रवार को नेशनल वाटर मिशन के तहत राज्य आधारित एक्शन प्लान पर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में बोल रही थीं।

मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड में नेशनल वाटर मिशन के लिए जुटाये जा रहे पानी के खपत के आंकड़े जल संरक्षण और उसके प्रबंधन में हमारी काफी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि पानी की किल्लत वाले देश इजराइल और साइप्रस किस तरीके और तकनीक के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, इस पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। बैठक के दौरान बताया गया कि टाटा और बोकारो स्टील जैसी बड़ी कंपनियों को राज्य सरकार पानी की सप्लाई करती है, इसलिए इसके आंकड़े हैं और उनसे सैकड़ों करोड़ रुपये टैक्स भी मिलता है। लेकिन, जो उद्योग भूगर्भ जल का उपयोग करते हैं, उसका डेटा नहीं मिल पाता। बताया गया कि भूगर्भ जल संरक्षण के लिए जल्द ही एक्शन प्लान लाने की तैयारी चल रही है।

गौरतलब है कि भारत सरकार के नेशनल वाटर मिशन का मुख्य मकसद जल संरक्षण के साथ पानी की बर्बादी को कम से कम करना है। साथ ही मिशन का उद्देश्य राज्यों के समन्वित जल संसाधन, उसके विकास और प्रबंधन के द्वारा पानी का सामान वितरण सुनिश्चित करना है। चूकि हर राज्य का जल संसाधन अलग-अलग है, इसलिए राज्य आधारित एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। स्टेट स्पेसफिक एक्शन प्लान के लिए झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू किया है। यूनिवर्सिटी विभिन्न विभागों से समन्वय कर झारखंड के जल संसाधन का डेटा तैयार कर रही है।

यूनिवर्सिटी के अभी तक के अध्ययन और आंकड़ों के अनुसार झारखंड में जल संरक्षण को लेकर अवसर और चुनौतियां दोनों हैं। अव्वल तो सबसे बड़ा अवसर यह है कि राज्य में प्रचुर मात्रा में जल संसाधन है। पानी को रोकने के लिए स्ट्रक्चर निर्माण की जरूरत है। राज्य सरकार जल संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन, हर संबंधित पक्ष को इस दिशा में जागरूक करने की भी जरूरत है। दूसरी ओर झारखंड में क्लाइमेट चेंज और बढ़ती जनसंख्या से जल संकट चुनौती के रूप में सामने आ रहा है। राज्य की जल संरचना पुरानी पड़ती जा रही है, जिसमें निवेश और नवीकरण की जरूरत है। राज्य में जल का उपभोग करनेवाले विभिन्न तरह के उपभोक्ताओं और सरकारी एजेंसी में तालमेल की कमी है। झारखंड बाढ़ और सूखे की दोहरी मार झेलता है। भूगर्भ जल प्रदूषण भी विचारणीय है। वहीं राज्य में अनेक लोगों तक शुद्ध जल की उपलब्धता नहीं है।

मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में नगर विकास के प्रधान सचिव सुनील कुमार, जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार, कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीख, नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि डॉ अजय समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिला पंचपरगनिया भाषा का प्रतिनिधिमंडल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंचपरगनिया भाषा में नियमित नियुक्ति मामला को लेकर पंचपरगनिया भाषा-साहित्य एवं कला परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्य में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में काफी परेशानियां हो रही हैं। इस विषय पर काफी गहन चर्चा हुई। इस पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने आश्वासन देकर कहा कि राज्य के सभी जिलों से सर्वे करके जल्द से जल्द जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में जयप्रकाश उरांव, रामनाथ सेठ, हलधर अहीर, सारण प्रामाणिक, पंकज महतो, अपराजिता, वेदवती, सत्यवती, सविता, सुषमा, कृष्ण, शंभू मुंडा आदि मौजूद थे।

## सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करायें मंत्री और अधिकारी : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य के मंत्री, विधायक और अधिकारी समेत अन्य रसूखदार लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ायें तभी सरकारी स्कूलों का आकर्षण लौटेगा और वे बेहतर तरीके से विकसति हो पायेंगे। उक्त बातें पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने शुक्रवार को कहीं। दूबे ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकारी स्कूलों की दशा में सुधार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा नहीं की गयी जो राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। ऐसे में सरकारी विद्यालयों की विफलता का ठिकरा निजी विद्यालयों पर फोड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार जानती है कि झारखंड के शिक्षण व्यवस्था की रीढ़ राज्य के निजी विद्यालय हैं जो न सिर्फ लाखों दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करते हैं। साथ ही लाखों लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। ऐसे में निजी विद्यालयों का मनोबल बढ़ाने की बजाय उनका उत्साह तोड़ने का काम सरकार को नहीं करना चाहिए।

## महत्वपूर्ण खबरें

### संत गैब्रियल एंड मोनिका स्कूल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। संत गैब्रियल एंड मोनिका स्कूल का 16 स्थापना दिवस मनाया गया। बच्चों के द्वारा मनमोहक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा भी कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। विशेष प्रार्थना डॉक्टर सुषमा केरकेट्टा के द्वारा हुई। उन्होंने 16 साल के इस उतार-चढ़ाव और संघर्ष भरी यात्रा के बारे में बताया। उप प्राचार्य साइमन सारकी ने कहा कि संत गैब्रिएल एंड मोनिका स्कूल को जन्म देने वाली माता स्कूल की संस्थापिका, निर्देशिका सह प्राचार्या डॉक्टर सुषमा केरकेट्टा को धन्यवाद। जिन्होंने कठिन रास्तों में चलकर आज स्कूल को इस मुकाम तक पहुंचाया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी प्राचार्या डेजी मुस्कान के द्वारा किया गया। ज्योति तिर्की ने कहा कि इस विद्यालय में बच्चों को संस्कार और उत्तम शिक्षा के साथ-साथ सफल और आत्मनिर्भर आत्मविश्वास से भरे व्यक्तित्व के रूप में तैयार किया जाता है। आभा केरकेट्टा ने कहा हमारे बाबा स्वर्गीय गैब्रिएल केरकेट्टा और मां मोनिका केरकेट्टा के सपनों का यह विद्यालय हमेशा उनके आशीर्वाद से फलता-फूलता और बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम में शिक्षक संजय कुमार सिंह, प्रकाश साहू, राजकुमार, गौरव डे एवं शिक्षिकाएं उषा रानी देमता, प्रेमा कुमारी, संध्या कुमारी, मनोरमा सिंह, गुलराना, अंजू कुमारी, अमिता कुजूर, जीवंती एक्का, जमुना देवी चंद्रमणि एवं रितु, प्रहलाद उपस्थित थे।

### सीएमपीडीआइ ने सेवानिवृत्त सदस्यों को किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ परिवार के 2 सदस्यों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शुक्रवार को संस्थान के कांफ्रेस हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें एस कुंडु-महाप्रबंधक (सिविल) एवं बाबूलाल-बस खलासी शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के निदेशक अजय कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न और शॉल देकर कंपनी की ओर से सम्मानित किया। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, टुकलाल एवं सीएमओएआइ के प्रतिनिधि राम स्वरूप खिलेरी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। स्वागत भाषण, मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने किया।

### सुपौल-पिपरा रेलखंड पर स्पीड ट्रायल आज भी

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। अररिया-सुपौल नयी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 22 किमी लंबे सुपौल-पिपरा रेलखंड पर स्पीड ट्रायल किया गया एवं 29 मार्च को संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त स्पीड ट्रायल एवं निरीक्षण के दौरान रेलवे लाइन से दूर रहें। साथ ही लेवल क्रासिंग को पार करते समय भी विशेष सावधानी रखें एवं ट्रेन की स्थिति देखकर ही रेल लाइन पार करें। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।

### बेतिया-कुमारबाग रेलखंड का सीआरएस निरीक्षण 30 को

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 9 किमी लंबे बेतिया-कुमारबाग रेलखंड पर 29 मार्च को स्पीड ट्रायल और 30 मार्च को संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त स्पीड ट्रायल एवं निरीक्षण के दौरान रेलवे लाइन से दूर रहें। साथ ही लेवल क्रासिंग को पार करते समय भी विशेष सावधानी रखें एवं ट्रेन की स्थिति देखकर ही रेल लाइन पार करें। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। विदित हो कि 110 किमी लंबे सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत अब तक 83 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है। अब इस परियोजना के अंतर्गत 9 किलोमीटर लंबे बेतिया-कुमारबाग रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है जिसका 30 मार्च को सीआरएस द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। इस प्रकार अबतक इस परियोजना के 92 किमी रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा हो चुका है और शेष बचे 18 किमी रेलखंड ( मझौलिया-बेतिया एवं खरपोखरा-बगहा रेलखंड) के दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है ।

### राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग करना दुर्भाग्यपूर्ण : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि रांची शहर और राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सरकार पूरी तरह से गंभीर है। आने वाला समय कई महत्वपूर्ण त्योहार का है ईद, सरहुल, रामनवमी को लेकर प्रशासन द्वारा कई बैठक की जा रही है और प्रशासन ऐसे समय में अफवाह के द्वारा कोई अप्रिय घटना नहीं हो इसके लिए सख्त है। श्री शाहदेव ने कहा कि संगठित अपराध को सरकार ने नियंत्रण में रखा है, ऐसे लोग अपने ठिकाने बदलने को मजबूर हैं, जो घटना घटी है निश्चित रूप से ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। श्री शाहदेव ने कहा कि हत्या जैसे संवेदनशील परिस्थिति में भी भाजपा राजनीति करने से बाज नहीं आ रही है। हमारी पूरी संवेदना पीड़ित परिवार के साथ है, लेकिन भाजपा के विधायक और नेता राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे हैं। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। लोकतंत्र में एक चुनी हुई सरकार का भाजपा अपने राजनीतिक एजेंट के तहत अपदस्थ कर पिछले दरवाजे से सत्ता में आना चाहती है। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

## एचडीएफसी बैंक की काठीटांड़ शाखा का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। देश की अग्रिम बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक का शुक्रवार को रांची ज़िले में नयी शाखा काठीटांड़ का उद्घाटन हुआ। यह शाखा रांची की 25वीं शाखा है। शाखा का उद्घाटन एचडीएफसी के जोनल प्रमुख कुमार अभिषेक द्वारा किया गया। इस उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में कुमार अभिषेक ने कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी और सारी बैंकिंग समस्या का हल होगा। इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जायेंगी। इस मौके पर क्लस्टर हेड धर्मेंद्र कुमार, शाखा प्रबंधक चिरंजीत पॉल एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीएवी शिशु विहार गांधीनगर में अभि संस्करण समारोह




रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को कांके रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर के जूनियर विंग में एलकेजी और यूकेजी के नवागंतुक छात्रों के लिए अभि संस्करण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों के साथ अभिभावक भी उपस्थित होकर वैदिक यज्ञ, आशीर्वाद एवं संस्कार कार्य में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अभिभावकों को डीएवी की मान्यताओं एवं उद्देश्यों से परिचित कराया गया। स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने अपने वक्तव्य में अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर ही उनका मूल्यांकन नहीं करें अपितु उनके आचरण, उनकी भाषा, व्यवहार आदि भी देखें। उन्होंने आगे कहा कि अभिभावकों का कर्तव्य है कि अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सतत प्रयासरत रहें और शिक्षकों के साथ बराबर संपर्क बनाये रखें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर रिलेशंस के निदेशक समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर केजी कक्षा की शिक्षिकाओं (तनुजा सिन्हा, स्नेहा, निशा वर्मा, सीमा जैन, अर्पणा शर्मा, निधि सिन्हा, अणिमा सिन्हा, रंजना, शताब्दी चटर्जी, लेखा मजूमदार ने परिचय सत्र के दौरान अभिभावकों से बातचीत सत्र रखा। कार्यक्रम का संचालन रजनी सिंह ने किया।

## रांची रेल मंडल के 14 रेलकर्मी सेवानिवृत्त हुए



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को रांची रेल मंडल के 14 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इन सभी को सेवानिवृत्ति से संबंधित समस्त भुगतान सौंपा गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक हेमराज मीना ने सभी सेवानिवृत्त रेल कर्मियों को शुभकामनाएं दी । सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आलोक कुमार राय ने सभा का संचालन किया। इस अवसर पर सहायक मंडल लेखा अधिकारी सुनील कुमार दास, ऑल इंडिया रेलवे रिटायर्ड फेडरेशन के सदस्य, यूनियन के पदाधिकारी एवं सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। कमला तिग्गा, नाथनिएल टोपनो, सुनील कुल्लू, राजेश कुमार चौरासिया, सत्यनारायण मुखर्जी, उत्तम रॉय, अरूप कुमार कुंडू, प्रदीप राम, सुपल चंद्र मुड़ी, राजकुमार प्रसाद सिंह, श्यामजीत कुमार, रमेश चंद्र कुमार, शिव प्रसाद भगत एवं श्रीनिवास राव।

## स्टार्टअप में वित्तीय नियोजन जरूरी : डॉ मुकेश

- सफल उद्यमी के लिए बाजार अनुसंधान और रोड मैप की आवश्यकता पर दिया गया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीइ) द्वारा इनोवेशन और उद्यमिता पर आयोजित एफडीपी में शुक्रवार को झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में हो रहा है। इस दौरान डॉ मुकेश बाबू गुप्ता ने बुनियादी वित्तीय योजना और बजट की समझः स्टार्टअप के लिए वित्त पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने स्टार्टअप के विभिन्न चरणों के विषय में बोलते हुए वित्तीय नियोजन के महत्व पर जोर दिया। इक्विटी फाइनेंसिंग के बारे में भी उन्होंने जानकारी दी।

सत्र के दूसरे भाग का संचालन एमटीआइ सेल के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ हरिहरन ने किया। उन्होंने दो अलग-अलग सत्रों में अग्रणी नवाचार और उद्यमिता गतिविधियों और परिसर में प्री-इन्क्यूबेशन के क्षेत्र में छात्रों के लिए सुरक्षित स्थान बनाने और उद्यमी भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य और परिदृश्य के साथ परिसर में गतिविधियों के संरेखण पर बात की। विभिन्न वीडियो और इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मक और तार्किक होने की अवधारणा को स्पष्ट किया। भारत में स्टार्टअप की पात्रता और नेटवर्किंग के महत्व के बारे में उन्होंने विस्तार से चर्चा की। एक्सआइएस, रांची के उद्यमिता विकास कार्यक्रम के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ हरप्रीत सिंह द्वारा संचालित सत्र में उद्यमी उपक्रमों के माध्यम से समाधान के लिए उपयुक्त समस्याओं की पहचान विषय पर चर्चा हुई। उन्होंने अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए समस्या-समाधान के विषय में अपना ज्ञान साझा किया। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा समस्या समाधान पर बात करते हुए उन्होंने इसके माध्यम से छात्रों में उद्यमिता विकास पर बात की। दूसरे सत्र में प्रशिक्षक असीम कृष्ण दास, ट्रस्टी, रिसर्च इनोवेशन, न्यूक्लियस रांची द्वारा बाजार तक पहुंच को समझने हेतु मार्केटिंग रणनीति और सफल उत्पाद या सेवा लॉन्च के लिए रोडमैप विषय पर बात की। उन्होंने एक उद्यमी के विनिर्माण, व्यवसाय और सेवा क्षेत्र जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े रहने पर उपस्थित श्रोताओं के समक्ष अपना विचार प्रस्तुत किया। एक सफल उद्यमी के लिए बाजार अनुसंधान और रोडमैप की आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एफडीपी समन्वयक सह संस्थान की नवाचार परिषद (आइआइसी) के अध्यक्ष और एसबीयू के कॉमर्स विभाग के डीन डॉ संदीप कुमार ने करते हुए उपस्थित रिसोर्स पर्सन का अभिनंदन किया। संचालन डॉ गगनदीप चड्ढा ने किया।

एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा एवं कुलपति प्रो सी जगनाथन ने एफडीपी के सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा की विरासत समृद्ध है : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** शुक्रवार को अपराह्न 12 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची और ग्लोबल लीडर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में 32 वें अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलन और अवॉर्ड्स, 2025 का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ आरके रॉय, पूर्व सीएमओ, एचइसी, विशिष्ट अतिथि डॉ विजय सिंह, कुलपति, इक्फाई विश्वविद्यालय, मिजोरम रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण ग्लोबल लीडर्स फाउंडेशन के रमेश त्रिपाठी ने दिया, जबकि विषय प्रवेश डॉ विजय सिंह ने देते हुए इस सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति ने कहा कि भारत अतीत से ज्ञान की भूमि होने के साथ-साथ प्राचीन सभ्यताओं का भी उदगम स्थल रहा है। भारत जैसे महान देश की एक विशिष्ट उपलब्धि यह रही कि प्राचीन सभ्यताओं और दार्शनिक प्रणाली से लेकर आधुनिक काल तक अग्रणी वैज्ञानिक खोजों की यह एक जीवंत परंपरा का पोषक रही है। इसके अलावा उन्होंने इस संदर्भ में बिहार के नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय की भी चर्चा की। उन्होंने इस सम्मेलन को अत्यंत सफल बताते हुए कहा कि 100 शोध पत्र प्रस्तुत किये गये और छह प्रतिभागियों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया। इस सम्मेलन में विभिन्न प्रतिभागियों के अतिरिक्त डॉ आइएन साहू, राहुल देव आदि मौजूद रहे। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

## सेहरी करने उठी पत्नी ने पति को फंदे से लटकता पाया



रांची (आजाद सिपाही)। शहर के हिंदपीढ़ी मुहल्ले के मुजम्मिल गली में एक शख्स ने आत्महत्या कर ली। शख्स की पहचान मोहम्मद कैसर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार अहले सुबह उन्होंने फांसी लगायी है। परिजनों के अनुसार, वे गंभीर बीमारी से परेशान थे। शुक्रवार की सुबह में जब पत्नी सेहरी करने उठी तो पति को फंदे से लटकता हुआ देखा। इसके बाद उसकी चीख सुनकर परिजन और पड़ोस के लोग जुटे। युवक को फंदे से उतारकर पास के अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों के जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से परिजनों में मातम का माहौल है।

www.epaper.azadsipahi.in

29 मार्च, 2025
चैत्र, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 158

दहशत : गोलियों की तड़तड़ाहट से फिर दहला धनबाद



माह-ए-रमजान
इफ्तार 6:05 शाम शुक्रवार
सेहरी 4:29 सुबह शनिवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

गम में डूबा कोकर

# खूंटी के रीमिक्स फॉल में डूब कर दो सगे भाइयों की मौत

- अयोध्यापुरी के रहने वाले थे दोनों
- दोस्तों के साथ घूमने गये थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/खूंटी।** रांची के कोकर इलाके के लिए शुक्रवार का दिन 'ब्लैक फ्राइडे' साबित हुआ। अयोध्यापुरी में रहनेवाले दो सगे भाइयों की खूंटी के रीमिक्स फॉल में डूबने से मौत हो गयी। ये दोनों अपने छह दोस्तों के साथ वहां घूमने गये थे। इसी दौरान शुभम और राजकुमार गहरे पानी में उतर गये और डूब गये। हादसे के बाद एक भाई को निकाल कर बुंडू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गयी, जबकि दूसरे भाई का शव काफी तलाश के बाद मिल पाया।

**दोस्तों के साथ रीमिक्स फॉल घूमने गये थे:** प्राप्ता जानकारी के अनुसार दोनों भाई अपने छह दोस्तों के साथ खूंटी के रीमिक्स फॉल घूमने गये थे। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। सभी दोस्त पानी में नहाने के लिए उतरे। नहाने के क्रम में शुभम और राजकुमार गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। अन्य दोस्तों ने उन्हें बचाने की कोशिश की और शोर मचाया। शोर सुनकर स्थानीय ग्रामीण पहुंचे और बचाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद राजकुमार को बाहर निकाला गया और उसे बुंडू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। इस बीच पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गयी। पुलिस गोताखोरों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद दूसरे भाई की तलाश शुरू हुई। काफी देर बाद शुभम कुमार का शव चट्टानों के बीच फंसा मिला।



### परिजनों को दी गयी जानकारी

घटना की जानकारी दोनों भाइयों के परिजनों को दी गयी। वे आनन-फानन में खूंटी पहुंचे। शव का पोस्टर्माटम करने के बाद उन्हें सौंप दिया गया। भाइयों का शव रांची वापस लाया गया। घर पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घर पर आस-पड़ोस के लोग पहुंचे हुए थे। सभी हादसे से हतप्रभ थे। छोटे भाई का शव पहले घर आ गया, जबकि बड़े भाई का शव देर से मिलने के कारण पोस्टमार्टम में समय लगा। बड़े भाइ शुभम का शव देर रात रांची पहुंचा।



# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले गौतम अडाणी



झारखंड में निवेश और औद्योगिक विकास पर हुई बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन और देश के दूसरे सबसे बड़े औद्योगिक घराने के प्रमुख गौतम अडाणी शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से औपचारिक मुलाकात की।

विशेष विमान से रांची पहुंचे गौतम अडाणी शाम के लगभग 7.30 बजे मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचे। उनकी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ लंबी बातचीत हुई।

सूत्रों के मुताबिक गौतम अडाणी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर राज्य में औद्योगिक विकास, पूंजी निवेश एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से करीब 2:30 घंटे तक चली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद गौतम अडाणी विशेष विमान से वापस लौट गये।

### न्यूज रील्स

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में ममता बनर्जी का विरोध

कोलकाता/लंदन। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में गुरुवार को भाषण के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बंगाल में हुई हिंसा, आरजी कर कॉलेज रेप-मर्डर केस और संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर सवाल उठाये। ममता ने कहा- आप जानते हैं कि यह मामला अदालत में है और ये केस हमारे हाथ में नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है। प्रदर्शनकारी छात्रों के शांत न होने पर ममता बनर्जी ने कहा कि यहां राजनीति मत करो, यह राजनीति का मंच नहीं है।

## दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल पर एफआइआर दर्ज की

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। ये एफआइआर सरकारी पैसे के दुरुपयोग मामले में सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के तहत दर्ज की गयी है। केजरीवाल पर आरोप है कि उन्होंने प्रचार के लिए बड़े होर्डिंग लगवाने में जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल किया।

# धनबाद में अनिल गोयल के कई ठिकानों पर जीएसटी का छापा

- अधिकारियों ने खंगाला दस्तावेज
- कार्रवाई से कोयला कारोबारियों में हलचल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जीएसटी ने धनबाद में शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई की। जीएसटी टीम ने कोयला व्यवसायी अनिल गोयल के कई ठिकानों पर छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएसटी की टीम एक साथ गोयल के मटकुरिया स्थित आवास, हार्डकोक प्लांट और डिपो में पहुंचे। किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। अधिकारियों ने एक-एक कागजात को खंगाला और जीएसटी चोरी से संबंधित कागजात को जब्त किया है। इस छापेमारी से कोयला क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएसटी के अधिकारी गोयल के तीनों ठिकाने पर एक साथ पहुंचे। सभी जगह भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। अधिकारियों ने अभी तक छापेमारी के कारणों का आधिकारिक खुलासा नहीं किया है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह टैक्स चोरी और अनियमितताओं से जुड़ी जांच का हिस्सा हो सकता है। सूत्रों की मानें तो करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी का मामला सामने आने की संभावना है। हालांकि इस बारे में खबर लिखे जाने तक अधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी थी। अधिकारी दस्तावेजों की जांच में लगे हुए थे।



# भूंकप से कांपा म्यांमार 150 की मौत, 110 लापता

- बैंकॉक में इमारत गिरी, 110 लोग लापता, तीन की जान गयी
- भारत समेत पांच देशों में झटके महसूस किये गये

एजेंसी

**नेपीदा/नयी दिल्ली।** म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाइलैंड, बांग्लादेश और चीन में भी महसूस किये गये। म्यांमार और थाइलैंड में 150 लोगों की जान गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और इस्ट कार्बी हिल में इसके झटके महसूस किये गये। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आये। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार म्यांमार में 150 लोगों की मौत हुई, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। वहीं, थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गयी। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 110 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आये। भारी तबाही के चलते थाइलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से एक लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34% यानी सबसे ज्यादा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, मध्य म्यांमार में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सागाइंग शहर से 16 किमी (10 मील) उत्तर-पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था। म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किये गये।



# केंद्रीय कर्मियों का डीए दो फीसदी बढ़ा




झारखंड के कर्मियों का डीए जल्द बढ़ने की उम्मीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में दो फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए बढ़ोतरी पर फैसला लिया गया। केंद्रीय कर्मियों का डीए अब 53 से 55 फीसदी हो जायेगा। इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 66 लाख पेंशनरों को होगा। यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2025 से लागू होगी। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने तीन फीसदी डीए बढ़ोतरी की थी। उधर, अब झारखंड के कर्मियों को डीए बढ़ने का इंतजार है। राज्य सरकार केंद्र की तर्ज पर ही राज्यकर्मियों का डीए बढ़ाती है। राज्य के कर्मियों को उम्मीद है कि कैबिनेट की अगली बैठक में हेमंत सरकार डीए बढ़ोतरी को मंजूरी देगी।

# रांची में आजसू नेता की हत्या के विरोध में पंडरा बंद

लोगों ने सड़क जाम की, दुकानें बंद रहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में विशाल फुटवेयर दुकान संचालक सह आजसू नेता भूपल साहू की हत्या के विरोध में स्थानीय लोगों ने पंडरा से रातू की सड़क जाम कर दी। आक्रोशित लोगों ने बांस-बल्ली लगा बीच रोड पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। वहां पर दुकानों को बंद करा दिया गया। प्रदर्शनकारी पुलिस से अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सड़क जाम करने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। इस विरोध प्रदर्शन में आजसू के नेताओं ने भी साथ दिया।

**गुरुवार को हुई थी हत्या:** बताते चलें कि पंडरा में गुरुवार रात को रवि स्टील के समीप विशाल फुटवेयर नामक दुकान के संचालक सह आजसू नेता का अज्ञात अपराधियों ने गला रेत दिया था। गंभीर हालत में उन्हें सिमिलिया के रिंग रोड में स्थित इस्टर्न अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। वह रातू के चटकपुर स्थित सरना टोली के रहने वाले थे।



### परिजन से मिल कर सांत्वना दी

स्थानीय लोगों ने इस हत्याकांड को लेकर शुक्रवार को पंडरा इलाके में बंद कराया। बंद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद शाम में स्थानीय लोगों का विरोध खत्म हुआ। आजसू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत समेत कई आजसू नेता भी पंडरा पहुंचे। वह धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए और परिजनों को सांत्वना दी।

# कैश मामला: जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाइकोर्ट ट्रांसफर

- सप्रीम कोर्ट की सिफारिश पर हुई कार्रवाई, नोटिफिकेशन जारी
- इलाहाबाद हाइकोर्ट भेजने का बार काउंसिल ने किया था विरोध
- एफआइआर की मांग वाली याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कैश मामले में घिरे दिल्ली हाइकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाइकोर्ट ट्रांसफर करने का नोटिफिकेशन शुक्रवार को जारी कर दिया है। जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाइकोर्ट में चार्ज लेने का निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह आदेश जारी किया गया। इससे पहले जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाइकोर्ट भेजने का वहां की बार काउंसिल ने विरोध किया था। वकीलों ने हड़ताल भी शुरू की थी। हाइकोर्ट के 6 बार काउंसिल सदस्यों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और कॉलेजियम के सदस्यों से मिलकर ट्रांसफर पर पुनर्विचार करने की मांग की थी। बताते चलें की जस्टिस वर्मा के घर में 14 मार्च को होली के दिन आग लग गयी थी। फायर सर्विस की टीम जब उसे बुझाने गयी तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपये के अधजले नोट मिले थे।



इधर, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआइआर करने से इनकार करते हुए जनहित याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा जज के घर नोटों से भरी बोरियां मिलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की इंटरनल कमेटी जांच कर रही है। रिपोर्ट में कुछ गड़बड़ मिला तो एफआइआर होगी या फिर मामला संसद को भेजा जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
198000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# बुझ गये संजय यादव के घर के दोनों चिराग

## अयोध्यापुरी में सबकी आंखें नम, आरएन पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे दोनों बच्चे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोकर के अयोध्यापुरी इलाके के संजय यादव के घर के दो चिराग शुक्रवार को खूंटी के रीमिक्स फॉल में डूब गये। उनके पुत्रों शुभम कुमार और राजकुमार की मौत हो गयी। पेशे से ड्राइवर संजय यादव आज पूरी तरह टूट गये हैं। उन्होंने अपने बेटों से बहुत सारी उम्मीदें बांध रखी थीं। शुभम ने इसी साल मैट्रिक की परीक्षा लिखी थी, जबकि राजकुमार आठवीं क्लास में पढ़ता था। दोनों अयोध्यापुरी के आरएन पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। पड़ोसियों के अनुसार दोनों भाई पढ़ने में काफी तेज थे।





**मौत खींच ले गयी राजकुमार को :** परिजनों के अनुसार स्कूल के छात्रों ने रीमिक्स फॉल में पिकनिक पर जाने का प्लान बनाया। सभी ने चंदा कर स्कॉर्पियो का इंतजाम किया। राजकुमार ने अपने छोटे भाई शुभम को साथ ले जाने से मना कर दिया, तो वह जिद करने लगा। अंतिम समय में उसे गाड़ी पर चढ़ाया गया।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने रिकवरी एजेंट के अनुचित व्यवहार पर की कार्रवाई



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने बताया कि बैंक ने अपने रिकवरी एजेंसी के एक प्रतिनिधि के द्वारा किये गये अनुचित व्यवहार पर त्वरित कार्रवाई की है। बैंक ने बताया कि उक्त प्रतिनिधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और आंतरिक जांच पूरी होने के बाद उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गयी हैं। इसके अलावा, बैंक ने अपनी रिकवरी प्रक्रियाओं की व्यापक समीक्षा शुरू की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसके सभी एजेंटों की गतिविधियां नैतिक दिशा-निर्देशों और कानूनी मानकों के अनुरूप हों। बैंक ने अपने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि वह उनके विश्वास की सराहना करता है और उन्हें सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान रांची में एनइपी 2020 पर वर्कशॉप का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान रांची द्वारा नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 ( एनइपी 2020) पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य एनइपी 2020 की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा करना और इंजीनियरिंग शिक्षा में इसके सफल कार्यान्वयन के लिए मार्ग तलाश करना था। वर्कशॉप में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर सत्यपाल सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि एनइपी 2020 स्थाई और आदर्श बदलाव का माध्यम बनेगा। वर्कशॉप में प्रोफेसर देवी प्रसाद मिश्रा, निदेशक एनआइटीटीआर, कोलकाता, प्रोफेसर सौविक भट्टाचार्य, पूर्व वीसी, यादवपुर विश्वविद्यालय एवं बिट्स पिलानी ने भी अपने विचार साझा किये। वर्कशॉप का उद्देश्य एनइपी 2020 के सफल कार्यान्वयन के लिए नवीन दृष्टिकोण पर चर्चा करना था। इस वर्कशॉप से इंजीनियरिंग शिक्षा में एनइपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने में मदद मिलेगी।

## रांची विश्वविद्यालय में एक दिवसीय संगोष्ठी



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय पुस्तकालय एवं आइक्यूएसी, आरयू, रांची द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी एवं इ-ग्रंथालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय समकालीन विश्व में प्रभावी पुस्तकालय प्रबंधन था। मुख्य अतिथि डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी संस्थान का हृदय एवं आत्मा होते हैं, जिन्हें प्रभावी तरीके से विकसित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्तियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये और पुस्तकालय पेशेवरों को इ-ग्रंथालय पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में पुस्तकालय पेशेवरों, शिक्षाविदों, शिक्षकों, प्रशासकों और रांची विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया।

## डीएवी गांधीनगर के गिरींद्र ने बढ़ाया मान राष्ट्रीय तीरंदाजी में मिला सिल्वर मेडल



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर के नवमी के छात्र गिरींद्र विक्रम बास्की ने एनटीपीसी द्वारा हैदराबाद में 20 से 25 मार्च तक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मिनी तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर विद्यालय और झारखंड प्रदेश का नाम रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में देश के अनेक राज्यों के छात्रों ने भाग लिया था। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने हर्ष व्यक्त करते हुए गिरींद्र और उनके माता पिता को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही विद्यालय के खेल प्रशिक्षक गोविंद झा और कौशल कुमार की मेहनत और प्रशिक्षण की सराहना भी की।

## सरहुल और रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क, डीसी ने दिये विशेष निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। आगामी सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रांची शहर के विभिन्न जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने मंजूनाथ भजंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिससे पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान शिव मंडप पूजा समिति गाड़ी होटवार, मेडिकल चौक मंदिर, तपोवन मंदिर, सरना टोली हातमा, सरना स्थल हातमा, सिरमटोली सरना स्थल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लिया गया। जुलूस के आवागमन को सुगम बनाने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये गये। प्रशासनिक अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की है कि वे त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें और प्रशासन को सहयोग दें।

## दिल्ली गये बाबूलाल मरांडी केंद्रीय नेताओं से मिलेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होते ही भाजपा के भीतर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। इसके मूल में कहीं न कहीं संगठन को धार देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति प्रमुख है। कुछ यही कारण है कि बजट सत्र समाप्त होते ही प्रतिपक्ष के नेता सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दिल्ली चले गये। वह 29 मार्च को रांची लौटेंगे। वह वहां गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई अन्य बड़े नेताओं से मिल सकते हैं। इस दौरान उन्हें झारखंड की राजनीतिक स्थिति से अवगत कराया जायेगा। मरांडी केंद्रीय नेताओं को हेमंत सोरेन सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और भावी रणनीतियों की भी जानकारी देंगे। प्रतिपक्ष का नेता बनने के बाद बाबूलाल मरांडी पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिल चुके हैं।



**सुनील बंसल पहुंचे रांची**

इधर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल शुक्रवार की सुबह दिल्ली से रांची पहुंचे। वह यहां पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात करेंगे और संगठनात्मक मजबूती के लिए सुझाव लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास और अन्य नेताओं से उनकी मुलाकात भी संभव है। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह और अन्य नेताओं से मुलाकात की है।




# आरसीबी ने खत्म किया 17 सालों का सूखा चेन्नई के खिलाफ दर्ज की ऐतिहासिक जीत

## कप्तान रजत पाटीदार की फिफ्टी, हेजलवुड को 3 विकेट

**एजेंसी**

**चेन्नई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आइपीएल-2025 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। शुक्रवार को टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को 50 रन से हराया। बेंगलुरु ने 17 साल के बाद चेन्नई को उसी के घर में हराया। पिछली बार टीम ने 2008 के सीजन में जीत हासिल की थी।



चेपॉक स्टेडियम में 197 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 146 रन ही बना सकी। पूर्व कप्तान एमएस धोनी 16 बॉल पर 30 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने 3 चौके और दो छक्के लगाये। रचिन रवींद्र ने सबसे ज्यादा 41 रन की पारी खेली, जबकि रवींद्र जडेजा ने 25 रन बनाये। जोश हेजलवुड ने 3 विकेट लिए। यश दयाल और लियम लिविंगस्टन को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट भुवनेश्वर के खाते में आया।

इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग कर रही बेंगलुरु ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 196 रन बनाये। कप्तान रजत पाटीदार ने 51 रन बनाये। फिल सॉल्ट 32, विराट कोहली 31 और देवदत्त पडिक्कल 27 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई से नूर अहमद ने 3 और मथीश पथिराना ने 2 विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन और खलील अहमद को 1-1 विकेट मिला।

# श्री राधाकृष्ण मंदिर में नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ, कलश यात्रा निकाली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री राधाकृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी के तत्वावधान में शुक्रवार को पावन नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर किया गया। कलश यात्रा शिव दुर्गा मंदिर से आरंभ हुई। 108 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाल और मां की जीवित झांकी भी निकाली गयी। कलश यात्रा के दौरान श्री दुर्गा जागरण मंडली के कलाकारों ने भजन-कीर्तन किया। यात्रा सर्वप्रथम हरि ओम मंदिर एवं शनि मंदिर से गुजरी, जहां संयुक्त रूप से पुजारियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा के बाद श्री राधा कृष्ण मंदिर में नवरात्र महोत्सव के कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। महाअष्टमी के दिन 1008 ज्योत प्रज्ज्वलित की जायेगी और भजन-कीर्तन का कार्यक्रम रात्रि 11:00 बजे तक होगा। रविवार 6 अप्रैल को रामनवमी के पावन अवसर पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक मुंबई से आई सुप्रसिद्ध गायिका गिन्नी कौर के द्वारा भजनों की गंगा बहाई जायेगी। श्री राधा कृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। दशमी के दिन सुबह 10:00 बजे से हवन एवं ज्योत विसर्जन का कार्यक्रम होगा।



# राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखंड युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में और राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में झारखंड के 10 नोडल जिलों से 93 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दूसरे दिन 49 प्रतिभागियों ने निर्धारित विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के सदस्य विशाल तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और युवाओं द्वारा प्रस्तुत विचारों की सराहना की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर रांची की आयशा फातिमा, द्वितीय स्थान पर गिरिडीह की श्वेता कुमारी और तृतीय स्थान पर धनबाद की रिया गुप्ता रहीं। इन तीनों विजेताओं का चयन राष्ट्रीय स्तर के विकसित भारत युवा संसद के लिए किया गया है, जो 1 और 2 अप्रैल 2025 को संसद भवन, नयी दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।



# वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खरवार भोगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति के तत्वावधान में नीलांबर-पीतांबर पार्क मोरहाबादी में वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सरंक्षक यौधेश्वर सिंह भोगता, बिगन सिंह भोगता, रामजीत गंझू, उमेश सिंह भोगता, तुलसी खरवार, शिव प्रसाद साहू, सुदर्शन भोगता, विश्वनाथ गंझू, रामलखन गंझू, अजय गंझू, भोला भोगता, नरेश गंझू, संजय प्रधान सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता और संचालन प्रभाकर गंझू ने किया। मुख्य अतिथि विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। वीर शहीद नीलांबर पीतांबर ने देश की आजादी के लिए अंगेजों के साथ जोरदार लड़ाई लड़ी। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस मौके पर जिला सचिव हर्षनाथ भोगता, संदीप भोगता, संजीत कुमार गंझू, सेवाराम भोगता, अजय भोगता, अमृत खरवार, करमा भोगता, प्रदीप भोगता, नीलांबर खरवार, परमेश्वर भोगता, कार्तिक भोगता, प्रधान भोगता, धनराज भोगता, सुखी गंझू, अर्जुन गंझू, शिव भोगता, नरेश भोगता, हरेकृष्ण भोगता, संजय भोगता ,रघुनंदन भोगता, अशोक गंझू, अजय गंझू, वीरेंद्र गंझू, अरुण गंझू, संजीव कुमार भोगता,राजकुमार गंझू, बालकिसुन गंझू, हजारी प्रसाद भोगता,रामधन भोगता, कलेश्वर भोगता, सुखलाल मुंडा उपस्थित थे।

# सरहुल शोभायात्रा को पांच जोन में बांटा गया : फूलचंद तिर्की

**केंद्रीय सरना समिति 500 वॉलिंटियर्स की तैनाती करेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर केंद्रीय सरना समिति ने शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में सरना झंडा लगाया। साथ ही सरहुल पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण एवं धूमधाम से मनाने को लेकर रांची शहर को पांच जोन में बांटा गया पूर्वी- जोन विनय उरांव प्रमोद एक्का, विनोद एक्का, पश्चिमी जोन- पंचम तिर्की, सूरज तिग्गा, मध्य जोन- उषा खलखो, संजय तिर्की, बलकू उरांव, उत्तरी जोन- अमरतिर्की, अनीता गाड़ी, दक्षिणी जोन-सहाय तिर्की, अनुपमा तिर्की।



केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा को पांच जोन में बांटा गया है। सरहुल शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं धूमधाम से मनाने के लिए केंद्रीय सरना समिति 500 वॉलिंटियर्स की तैनाती करेगी। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि सरहुल पूजा महोत्सव को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं। सरकार सरहुल पूजा महोत्सव से पहले सिरम टोली फलाइओवर से रैंप पूरी तरह से साफ करे। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के वरीय उपाध्यक्ष संजय तिर्की, विनय उरांव, महिला शाखा अध्यक्ष उषा खलखो, प्रियंका खलखो, लोलेन टोप्पो, सोहन कच्छप, पंचम तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।

## सम्मेलन के प्राण शाखा में बसते हैं: बसंत मित्तल




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने कहा कि सम्मेलन के प्राण शाखों में बसते हैं। उन्होंने कहा कि विगत, 26 वर्षों से लगातार राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्यकारिणी समिति का सदस्य रहा हूं साथ ही बिहार एवं झारखंड के सभी प्रादेशिक अधिवेशनों एवं राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने का प्रयास किया है। झारखंड के सभी प्रमंडल में प्रमंडलीय अधिवेशन का आयोजन किया गया जिससे समाज में नयी चेतना एवं स्फूर्ति आयी। इस सत्र की उपलब्धि को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देखकर मुझे राष्ट्रीय संयोजक एवं दक्षिण भारत प्रभारी (संगठन एवं सदस्यता विस्तार) मनोनीत कर दक्षिण भारत में सम्मेलन को सक्रिय करने का भार सौंपा। सम्मेलन के प्राण शाखों में बसते हैं, इसे प्राथमिकता देते हुए शाखा और जिला को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने हेतु सदस्यता विस्तार में प्राप्त अनुदान राशि 30% से बढ़ाकर 50% शाखा और जिला को मिले का संकल्प लिया। प्रांत के समस्त नये सदस्यों के स्वागत पत्र के साथ सदस्यता रसीद, प्रमाण पत्र, कार्ड एवं बैज ज़िलों को प्रेषित कर दिया गया है।

## भारत के शहीद पूर्वजों का अपमान बंद करो : अखिल राजपूताना कल्याण न्यास



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को अखिल राजपूताना कल्याण न्यास द्वारा आयोजित विरोध मार्च रांची यूनिवर्सिटी गेट से शुरू होकर फिरायालाल चौक तक पहुंचा। इस विरोध मार्च में रांची शहर के विभिन्न इलाकों से हजारों की संख्या में राजपूत समाज के लोग एकजुट होकर अपने वीर पूर्वजों के सम्मान में प्रदर्शन करने पहुंचे। इस मार्च ने समाज में एकता, साहस और वीरता का प्रतीक प्रस्तुत किया और यह संदेश दिया कि राजपूत समाज अपने पूर्वजों के अपमान को किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगा। रामजी लाल सुमन द्वारा वीर पूर्वज राणा सांगा के खिलाफ दिये गसे अपमानजनक बयान का तीव्र विरोध किया गया। इस बयान को पूरी तरह से नकारते हुए, राजपूत समाज के लोगों ने इसका विरोध करते हुए रामजी लाल सुमन का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में रामेश्वर दयाल सिंह, शिवाजी सिंह परमार, संजय सिंह, श्रीराम सिंह, धीरज सिंह उर्फ बिनु सिंह, प्रतुलनाथ सहदेव मनीष सिंह, रंजन कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, सूर्यकांत सिंह जितेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, शशि सिंह लव कुमार सिंह, शिव चंद्र सिंह, रमाकांत सिंह, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विजय सिंह, प्रमोद सिंह, श्याम किशोर सिंह, डॉ अजय नाथ सहदेव, कुंदन सिंह, सुनील कुमार सिंह, बलिंद्र सिंह, अवध बिहारी सिंह, निशांत सिंह, विपिन सिंह, मनीष सिंह, यश सिंह परमार, देवराज सिंह, नीतू सिंह, गौतम सिंह, जितेंद्र सिंह, अंशुमान सिंह, ब्रजभूषण सिंह, राजकुमार सिंह, नागेश्वर सिंह, सुनील सिंह, मनोज कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, विजय सिंह, मुदित राज, प्रतुल नाथ सहदेव, गणेश चंद्र समल, रवि प्रताप सिंह, बलराम सिंह, रणधीर सिंह, संजीव सिंह आदि अन्य उपस्थित थे।

## आदिवासी एकता और भाईचारा का संदेश देता है सरहुल : जुगेश उरांव



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नगड़ी टोली गांव में सरहुल पूजा समिति के बैनर तले शुक्रवार को सरहुल जुलूस सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान सह केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष सह पूजा समिति के संरक्षक जुगेश उरांव ने किया। इसमें 13 गांव के ग्रामीणों द्वारा मांदर की थाप पर नाचते गाते फुलखोसी किया गया। साथ ही एक-दूसरे को अबिर-गुलाल लगाया गया। शोभायात्रा में सखुआ पुष्पों की डालियां, सरना झंडा, कलश और गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक वेश-भूषा में पहान एतवा धान, पुजार कोका धान, भंडारी महादेव उरांव, ललित धान सहित सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ नगड़ी टोली से किया गया जो सरसा सरना स्थल पर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। जहां समिति की ओर से अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान सीओ प्रताप मिंज, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, सरहुल पूजा समिति बेड़ो के संरक्षक राकेश भगत, अध्यक्ष सुका उरांव, अनिल टोप्पो, प्रभात टोप्पो, एएसआई निरंजन तिवारी, आफताब खान, रशीद मीर, मो युशूफ और जूही मिंज शामिल हुए। इस अवसर पर जुगेश उरांव ने कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल झारखंड का प्रमुख पर्व है। सरहुल पर्व आदिवासी एकता और भाईचारा का संदेश देता है। यह सीधा प्रकृति को इंसानों से जोड़ता है। जिसमें प्राकृतिक की पूजा की जाती है। सरहुल पर्व के माध्यम से यहां के लोग एक-दूसरे से अपने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर आपस में मिलते जुलते हैं। उन्होंने अपनी संस्कृति को बचाये रखने के लिए सभीं को सरहुल पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। साथ ही युवाओं को समाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील है। इस मौके पर बंधना उरांव, पवन कुमार, शिवा धान, तेम्बा धान, रेखा उरांव, लक्ष्मी धान, सुशील धान, कृपा लकड़ा, पुष्पा खेस, सोमरी लकड़ा, विपिन धान, दसरथ, राय मुनी टोपनो, प्रभामुनि कुजुर, सुषमा धान, देवकी धान, दमयंती धान, महावीर धान, जग्गा मुंडा और अनिता लकड़ा आदि उपस्थित रहे।

## अनगड़ा में किसानों के बीच अदरक के बीज का वितरण

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उद्यान विकास योजना के तहत शुक्रवार को जोन्हा एवं राजाडेरा पंचायत के 37 किसानों के बीच उद्यान मित्र दूतीलाल बेदिया की देखरेख में अदरक बीज का वितरण किया गया। इसमें प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, राजाडेरा मुखिया सीमा देवी, जोन्हा मुखिया कृष्णा मुंडा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, प्रखंड कांग्रेस संयोजक एतवा उरांव, उद्यान विभाग की शोभा कुमारी आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए। प्रमुख दीपा उरांव ने किसानों से कहा कि यह बीज आपके लिए एक वरदान है। इसके समुचित उपयोग से आप बेहतर फसल उत्पादन कर आय बढ़ा सकते हैं। राज्य सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उद्यान मित्र दूतीलाल बेदिया ने किसानों को अदरक बीज के रखरखाव एवं दोगुनी उपज के तकनीकी एवं वैज्ञानिक पद्धति से अवगत कराते हुए इसे बाजार में बिक्री ना करने की हिदायत दी। मौके पर भानू प्रताप महतो, सालिकराम मुंडा, बिरसा उरांव, ज्योति प्रियंका एक्का, रॉबर्ट तिग्गा, उजयस टोप्पो, खीरू उरांव, अभिराम मुंडा, सिद्धिक अंसारी आदि मौजूद थे।

## सरला बिरला यूनिवर्सिटी के बीसीए छात्रों का झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में औद्योगिक भ्रमण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी महिलोंग के बीसीए विभाग के 200 छात्र-छात्राओं ने झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटीसिल्वे में औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को उद्योगों में इस्तेमाल होने वाली नवीनतम तकनीकों और कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी देना था। औद्योगिक भ्रमण के दौरान संस्थान के शिक्षक अभय कुमार ने छात्रों को टूल रूम में उपलब्ध कंप्यूटर-आधारित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं, ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो ने एआइसीटीइ द्वारा मान्यता प्राप्त 4 वर्षीय डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग के पाठ्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की, जिसे मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के समकक्ष माना जाता है। टोप्पो ने बताया कि एक टूल एंड डाई मेकर उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उसकी विशेषज्ञता से छोटे उपकरणों से लेकर अंतरिक्ष यानों के जटिल पार्ट्स तक बनाए जा सकते हैं। भ्रमण के दौरान छात्रों ने सीएनसी टर्निंग, सीएनसी मिलिंग, सीएनसी ग्राइंडिंग, वायर कट, वेल्डिंग, लाइवलीहुड इन्क्यूबेशन सेंटर और टी.वी.एस लैब जैसी उन्नत मशीनों को करीब से देखा। इसके अलावा सीएडी/सीएएम तकनीकी प्रयोगशालाएं, रोबोटिक्स, पीएलसी और 3डी प्रिंटिंग लैब का भी अवलोकन किया, जिससे वे अत्यधिक प्रभावित हुए। टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने इस भ्रमण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि औद्योगिक दौरे से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग के नए रुझानों की समझ मिलती है, जो केवल किताबों से संभव नहीं। उन्होंने इसे छात्रों के करियर विकास में सहायक बताया। छात्र इस भ्रमण से उत्साहित दिखे और संस्थान की इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक संसाधनों से प्रभावित हुए। इस शैक्षणिक दौरे के सफल आयोजन में पूर्णेंदु पंकज और राहुल रंजन उरांव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शहीद नीलांबर-पीतांबर का मनाया गया शहादत दिवस



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड के खभावन बाजार टाड़ में शहीद नीलांबर पीतांबर का 168 वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अनगड़ा खरवार भोगता विकास संघ की ओर से किया गया था। इसकी अध्यक्षता पूर्व पंसस महेश गंझू और संचालन रंथू भोगता ने किया। इसमें 150 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल कर खभावन तालाब से जल उठा कर शहिदों की प्रतिमा पर जलाभिषेक किया। इसके बाद अतिथियों ने नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर फुल माला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। शहादत दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुंडा के अलावा पूर्वी जिला परिषद सदस्य अनगड़ा राजेंद्र शाही मुंडा, पारसनाथ भोगता, जेएलकेएम के केंद्रीय सदस्य बालेश्वर बेदिया, साहेब राम भोगता आदि शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुंडा ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर जन क्रांति के सच्चे नायक थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के शोषण दमन, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका था। वहीं राजेंद्र शाही मुंडा ने कहा कि आज हमारे देश के युवाओं को दोनों शहिदों के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर भीखन भोगता, पंचम भोगता, पवन भोगता, चंद्र मोहन भोगता, अक्षय भोगता जगदीश भोगता, रंथू भोगता, बुधराम बेदिया, शनिचरवा बेदिया, सुशिल भोगता, सिकंदर रजवार, लक्ष्मण सैनी, मंगरा गंझू, मनोज बेदिया, वंशीराम भोगता आदि उपस्थित थे।

# भाजपा नेता राजकुमार महतो को जान से मारने की धमकी

## एसके सिंह नामक व्यक्ति के आइडी से सोशल मीडिया के जरिए दी धमकी

**ग्रामीण एसपी से मिल कर राजकुमार ने दी जानकारी सुरक्षा देने की गुहार लगायी**

आजाद सिपाही संवाददाता



भाजपा नेता राजकुमार महतो।

**कांके।** थाना से महज 20 मीटर की दूरी पर दो दिनों पहले ही श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत कुमार अनिल उर्फ अनिल टाइगर की हत्या कर दी गयी थी। इसकी गुत्थी अभी सुलझी भी नहीं है कि अब श्रीश्री महावीर मंडल केंद्रीय पूजा समिति डोल मेला सुकुरहुटू कांके के अध्यक्ष सह वरीय भाजपा नेता राजकुमार महतो को जान से मारने की धमकी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी गयी गयी है। इसे गंभीरता से लेते हुए राजकुमार महतो ने शुक्रवार को ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, डीएसपी अमर कुमार पांडेय और थाना प्रभारी सुशील कुमार से मिलकर लिखित शिकायत की है। बताया है कि सोशल मीडिया पोस्ट पर उनको जान से मारने की धमकी दी गई है। एक टीवी चैनल को 27 मार्च को रांची बंद के कवरेज के प्रसारण के दिन एक सोशल मीडिया अकाउंट से किए गए कमेंट में एसके सिंह नामक व्यक्ति के आईडी से लिखा गया है कि अनिल टाइगर के बाद अब राजकुमार महतो की बारी है। राजकुमार महतो ने अपने और परिवार पर हमले की आशंका जताई है। कहा कि वे प्रायः अनिल टाइगर के साथ रहते थे। ऐसे में उनको प्रशासन सुरक्षा प्रदान करे और धमकी देने वाले पर कार्रवाई करे। बताते चलें अकि निल टाइगर को भी कई महीना पहले कुछ लोगों ने धमकी दी थी। लेकिन इसपर पुलिस प्रशासन ने गंभीरता पूर्वक कार्रवाई नहीं की थी। इधर, गुरुवार की देर रात उनकी पत्नी लता देवी ने अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, मदन कुमार महतो, महेश कुमार मनीष दिवगंत अनिल टाइगर के गांव जाकर उनके परिजनों से मिले और जल्द से इसमें शामिल लोगों को पकड़ने का भरोसा दिया।

## काली पट्टी बांध कर जगह-जगह अदा की गयी अलविदा जुम्मे की नमाज

**अनगड़ा/बेड़ो/रातू/चान्हो/मांडर/पिस्कानगड़ी। (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में शुक्रवार को अलविदा जुम्मा की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बांह में काली पट्टी बांध कर वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर चिलदाग, हेसल, मासु सहित अन्य मस्जिदों में नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की और बिल को वापस लेने की मांग की। कहा कि यह बिल मुसलमानों के खिलाफ है। इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे। वहीं, बेड़ो प्रखंड के करांजी, चचकोपी, केशा, घाघरा, हाठू, जराटोली, महरू, बिल्टी और नरकोपी मस्जिद सहित मुस्लिम बस्तियों में शुक्रवार को अलविदा जुम्मे की नमाज अकीदत और सादगी के साथ अदा की गई। रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की जाती है। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह से खास दुआ मांगते हैं। इस दौरान विभिन्न जगहों पर काली पट्टी बांध कर वक्फ संशोधन बिल का विरोध भी किया गया। दूसरी ओर. रातू प्रखंड के तिगरा, फुटकलटोली, सिमलिया, बिजुलिया के अलावा अन्य गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी हाथ में काली पट्टी बांधकर अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने वफ्फ संसोधन बिल के खिलाफ आक्रोश जताया और केंद्र सरकार से इसे वापस लेने की मांग की। उधर, चान्हो प्रखंड के सभी मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की। इसके बाद लोगों ने वक़्फ बिल के खिलाफ जमकर एहतेजाज किया। केंद्र की मोदी सरकार को अल्पसंख्यक विरोधी करार दिया। कहा कि हमारी जायदादें हमारी मिल्कियत नहीं, बल्कि अल्लाह की अमानत हैं। वक़्फ के जरिए हजारों मसाजिद, मदरसे, यतीमखाने और समाजी इदारों का निजाम चलता है। हम इसमें गैरजरूरी दखलअंदाजी कुबूल नहीं करते। मोदी सरकार जल्द से जल्द वक्फ संशोधन बिल को वापस ले। इस दौरान चान्हो और मांडर प्रखंड क्षेत्र के बलसोकरा पंडरी सोंस चान्हो, चटवल, तरंगा, टांगर, लुंडरी और चामा सहित मस्जिदों में विरोध प्रदर्शन भी किया। वहीं, नगड़ी प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गयी। साथ ही सभी मस्जिदों में वक्फ बिल संसोधन के विरोध में काला बिल्ला लगा कर विरोध किया गया। जामा मस्जिद नगड़ी में मौलाना अबु ओबेदा, मस्जिदे बेलाल देवरी में जेयाउल रहमान, मदीना मस्जिद में करी शमशाद, बांधटोली मस्जिद में मौलाना अब्दुल अजीज ने विशेष नमाज अदा करायी।

## सीआइटी के 13 विद्यार्थियों का वाइज आइएनसी में कैंपस सिलेक्शन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कंप्यूटर इंजीनियरिंग में अध्ययनरत छात्रों के लिए बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची के कंप्यूटर इंजीनियरिंग ब्रांच (सत्र 2021-25) के 13 छात्रों का चयन आईटी कंपनी वाइज आइएनसी में हुआ है। इसमें मो जुनैद अहमद, रोशन रंजन, रितेश कुमार, सना तुफैल, अनीश वर्मा, मो. सहजवान, फैजुल रहमान, अभय यादव, कार्तिक पात्रो, गौतम पंडित, उपेंद्र कुमार, मो शाहनवाज शेख और कमल किशोर शामिल हैं।

## स्वावलंबी समाज से ही होगा श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण : विनोद बिड़ला

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती झारखंड के तत्वावधान में जोन्हा स्थित सेवाधाम में आयोजित तीन दिवसीय सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग सह स्वरोजगार, स्वावलंबन प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ता व्यक्तिव विकास, नेतृत्व क्षमता विकास के साथ अलग-अलग तरह के घरेलू उद्यम के प्रशिक्षण दिए गए। इस दौरान सहकार भारती के लक्ष्मण पात्रा द्वारा फिनायल, निमाइल, उजाला-नील निर्माण, हैंड वाश, डिश वाश, फर्स क्लीनर, रुम फ्रेसनर्स, गोबर से दीपक बनाना आदि उद्यमिता का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी विनोद बिड़ला ने कहा कि पूर्व में हमारा समाज पूर्णतः स्वावलंबी था। पर कालांतर में हमारे देश की विकास दर को विदेशी आक्रांताओं ने षड्यंत्र के तहत सामाजिक और आर्थिक व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर दिया। आज फिर से छोटे छोटे स्वरोजगार स्वावलंबन के प्रशिक्षण देकर सर्व समाज को आत्मनिर्भर बनाकर देश को सर्वश्रेष्ठ बनाना है। आज सेवा भारती अपने वैभवश्री आयाम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का कार्य कर रही है। महिलाओं को स्वावलंबन प्रशिक्षण देकर उनका आर्थिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। मुख्य वक्ता आरएसएस के झारखंड प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने कहा कि समाज को सही मार्ग दिखाना और समाज का सारथी बनना महत्वपूर्ण दायित्व है। स्वजीत कुमार ने ऑन लाइन कार्य करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सेवा भारती की महिलाओं की ओर से स्वनिर्मित खाद्यपदार्थ, स्वच्छता आदि वस्तुओं की विक्रय सह प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रशिक्षण वर्ग में 15 जिलों की 130 कार्यकताओं की सहभागिता रही। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान अनगड़ा प्रखंड के 25 ग्रामों के चयनित स्वास्थ्य रक्षक कार्यकताओं को डॉ मनीष कुमार ने विधिवत प्रशिक्षण दिया। मौके पर राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद, ओमप्रकाश केजरीवाल, राधेश्याम अग्रवाल, निर्मला कौर, नंदलाल साहू, शुभेंदु भट्ट, श्याम टोरका, चंदन मिश्र, संजय गोयल, संतोष वर्मा आदि उपस्थित थे।

## झारोटेफ के रांची जिला प्रवक्ता बनाये गये सतीश बड़ाइक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन रांची जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें ओरमांझी प्रखंड से शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक को झारोटफ रांची जिला का प्रवक्ता बनाया गया। इस पर सतीश बड़ाईक ने कहा कि संगठन की ओर से मुझे जो जिम्मेवारी दी गई है, उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। वहीं, जिला प्रवक्ता बनाए जाने पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार, प्रदेश संयोजक आनंद कुमार साहू, प्रदेश संगठन सचिव सुनील नायक, जिला अध्यक्ष मो क्यामुद्दीन खान, सचिव आदित्य कुमार साहू, उपाध्यक्ष इमामूल हक, ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष भागीरथ कुमार सिंह, विनोद कुमार, शमीम अहमद, कमर रशीद, जीतमोहन पाल, मणि भूषण बाखला, मो मुस्तफा अंसारी आदि ने बधाई दी।


**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF THE CIVIL JUDGE JR. DIVISION/MUNSIFF, SERAIKELLA

Original suit no. 09/2024

Krishna Gorai & ans...Plaintiffs

Versus

Makar Gorai & ors............... Defendands

1. Mr. Santosh kumar Rai S/O Sri jugal Kishore Rai, resident of Qr. No. 58/2/1 Road No. 16 P.O.& P.s. Adityapur Dist:- Seraikella, kharswan, jharkhand.

Whereas the above Plaintiffs have institute a orginal suit against you for declaration of Sale Deed no. 3074 dated 29.07.2015 is illegal,in operative, void, abinitio and not binding upon the Plaintiffs. You are hereby summon to appear before the court as well as sent regd. postal notice But you have not been appear till now. You are hereby notice through PUBLICATION in daily news paper to appear in person or through Your Lawyer before this court on the date fixed 29 day of march 2025. at 10:30 O'clock

In this suit for your appearance, failing which the suit/case will be heard in your absence. Given under my hand and seal of this court in the 20 day of feb 2025.

CIVIL JUDGE JR. DIV. (MUNSIFF) SERAIKELLA

**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF THE CIVIL JUDGE JR. DIVISION/MUNSIFF, SERAIKELLA

Original suit no. 08/2024

Krishna Gorai & ans...Plaintiffs

Versus

Makar Gorai & ors............... Defendands

1. Mr. Santosh kumar Rai S/O Sri jugal Kishore Rai, resident of Qr. No. 58/2/1 Road No. 16 P.O.& P.s. Adityapur Dist:- Seraikella, kharswan, jharkhand.

Whereas the above Plaintiffs have institute a orginal suit against you for declaration of Sale Deed no. 3074 dated 29.07.2015 is illegal,in operative, void, abinitio and not binding upon the Plaintiffs. You are hereby summon to appear before the court as well as sent regd. postal notice But you have not been appear till now. You are hereby notice through PUBLICATION in daily news paper to appear in person or through Your Lawyer before this court on the date fixed 04 day of April 2025. at 10:30 O'clock

In this suit for your appearance, failing which the suit/case will be heard in your absence. Given under my hand and seal of this court in the 11 day of March 2025.

CIVIL JUDGE JR. DIV. (MUNSIFF) SERAIKELLA

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.e-Tender-Elect-G-66-24

**कार्य का विवरण:** र्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल के 33 संख्यक 'F' श्रेणी स्टेशनों के प्लाटफॉर्मों एवं परिचालन क्षेत्र में नवीकरणीय सौलार प्रकाश का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागत (रूपये में):** 5,57,54,160/-, EMD (रूपये में): 4,28,800/-, पूरा होने की अवधि: 6 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 16.04.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं। निर्देशानुसार ई-निविदा मे भाग लेते समय सभी प्रासंगिक पेपर अवश्य अपलोड होना चाहिए।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 10(दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (G)/ खोरधा रोड

PR-1140/P/24-25

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

(मुख्य परियोजना प्रबंधक), गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम संख्या : 1, ई–निविदा संख्या :** 09-GS-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** जीसी: उप मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद के अधीन धनबाद स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 3 और गोमोह स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 के लिए बैलास्टलेस ट्रैक का प्रावधान। 12 (महीने), **कार्य की लगभग लागत (रूपये में) :** 15,10,85,140.78, **ब्याने की राशि (रूपये में) :** ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 21.04.2025 को 15:00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 21.04.2025 को 16:00 बजे से, **वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी

**नोट :–** (i) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) पूर्व मध्य रेलवे, धबनाद

पीआर/02349/डीएचएनजीएस/डीएनआरजीएस/टी/24–25/40

**रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**अधिसूचना संख्या: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक: 28.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग को आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नलिखित अनुसार हैं: **क्र.सं.; श्रेणी; कैटलॉग संख्या; परिसंपत्ति का विवरण; नीलामी शुरू और नीलामी बंद होने की तारीख** निम्नानुसार हैं: **1 ;** पार्सल स्कैनर; **आरएनसीपीएस13;** रांची मंडल के रांची एवं हटिया पार्सल ऑफिस में पार्सल स्कैनर की स्थापना एवं परिचालन; 07.04.2025 को सुबह 10.00 बजे और 07.04.2025 को सुबह 10.40 बजे। **2;** विज्ञापन; **आरएनसीएडीवीटी36;** रांची मंडल में वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों (08 अदद घर के बाहर, 3 अदद स्टेशन के अंदर, ट्रेन के अंदर-07, ट्रेन के बाहर-11) के लिए ई-नीलामी; 15.04.2025 को सुबह 11.00 बजे और 15.04.2025 को अपराह्न 4.10 बजे। **3;** विविध स्टैटिक्स (चिकित्सा सुविधा); **आरएनसीएमएफसी18;** रांची स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी; 14.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे और 14.04.2025 को दोपहर 12.30 बजे। **4;** विविध स्टैटिक्स (बैटरी परिचालित गाड़ी); **आरएनसीबीओसी13;** रांची मंडल के रांची एवं हटिया में बैटरी परिचालित गाड़ी के परिचालन एवं रखरखाव के लिए ई-नीलामी; 11.04.2025 को दोपहर 2.00 बजे और 11.04.2025 को दोपहर 2.40 बजे। **5;** पार्किंग; **आरएनसीपार्किंग36;** टांगरबंसली, पिस्का, इटकी और सुइसा स्टेशनों पर पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी; 14.04.2025 को सुबह 11.00 बजे और 14.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **6;** एटीएम; **आरएनसीएटीएम34;** रांची मंडल में एटीएम के लिए 06 अदद परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी; 11.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे और 11.04.2025 को दोपहर 1.20 बजे। **द्रष्टव्य:** भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। उपरोक्त उल्लिखित कैटलॉग के तहत लॉट वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-1289) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे

मुस्कान के साथ सेवा

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**

(CIN: U40108JH2013SGC001704)

Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02

(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**SHORT e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 610/PR/ JUSNL/ 2024-25**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, supply, erection, testing & commissioning of line differential protection in under construction 400 kV D/C QM Katia – Patratu Transmission line on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 2,14,13,698.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 4,28,500.00 On line mode |
| Completion Period | 45 Days |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 02.04.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 02.04.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 21.04.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 22.04.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhand tenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/- General Manager, C&M (NWBP)

PR 349462 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D

**Government of Jharkhand**

**URBAN DEVELOPMENT AND HOUSING DEPARTMENT**

**STATE URBANDEVELOPMENT AGENCY**

RFP No.: 07/NV/Reform (Audit)01-2015- (Part 1)- 08 Date: 28/03/2025

**REQUEST FOR PROPOSAL**

**(E- Procurement Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | **Selection of CAG empaneled Chartered Accountant Firms for Audit of Books & Accounts in 49 Urban Local Bodies(ULBs),Jharkhand ( Package 1, 2, 3, 4 & 5)** |
| 2. | Descriptions and Objectives of the Assignments | Audit of Books and Accounts from FY 2023-24 to next two Financial Years like Cash Book, Ledger, Assets Register all Subsidiary Register, Balance Sheet, Financial Statement, Receipt Payment A/C, Income & Expenditure A/C, physical verification of Assets & Stocks and all relevant records of the concern ULB. |
| 3. | Language of Documentation | English |
| 4. | Mode of submission of bids | e-Tendering (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Cost of Tender Document & Processing Fee (In INR) | **Cost of Tender Document:** 2000.00 *(Rs. Two Thousand only) for each package.* **Bid Security/EMD:** 10,000 *(Rs. Ten thousand only) for each package. Or NSIC Certificate for MSME Companies.* |
| 6. | No. of Package | 5 different Packages. |
| 7. | Method of Selection | Quality and Cost Based Selection (QCBS) Method.Wherein 70% weightage will be given to the technical proposal and 30% to the financial proposal. |
| 8. | Time Period | 2 Months for one financial year. |
| 9. | Minimum Audit Fees per ULB per year | Rs. 50,000.00/- for Nagar Nigam and Notified Area. Rs 35,000/- for Nagar Parishad. Rs 25,000/- for Nagar Panchayat. (Excluding GST) |
| 10. | Online availability of Tender will start from | **28/03/2025 at 16:00 Hrs from www.jharkhandtenders.gov.in / udhd.jharkhand.gov.in (Tender link)** |
| 11. | Last date for submission of pre-bid queries through email. | **04/04/2025 till 14:00 Hrs at** (suda.goj@gmail.com) |
| 12. | Last Date/Time for submission of Online Bids | **16/04/2025 by 15:00 Hrs** |
| 13. | Date of Technical Bid Online Opening | **17/04/2025 at 16:00 Hrs** |
| 14. | Bid Submission address ( Online) | **https://jharkhandtenders.gov.in ( E-Tendering)** |
| 15. | Helpline no. | 0651-2446640 |

Sd/- Director

State Urban Development Agency, Urban Development and Housing Department, Jharkhand

PR 349506 (Urban Development) 24-25 (D)

# कहां गयी संवेदनशीलता

यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट को फिर दखल देना पड़ा और इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले पर रोक लगानी पड़ी। यह जितना राहत भरा है, उतना ही चिंताजनक भी। सुप्रीम कोर्ट का हाइकोर्ट के जज को नसीहत देना बताता है कि महिलाओं को लेकर समाज में जितनी संवेदनशीलता होनी चाहिए थी, उतनी है नहीं।

**अपमानजनक टिप्पणी :** इलाहाबाद हाइकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था कि नाबालिग के प्राइवेट पार्ट को छूना और सलवार का नाड़ा खींचना रेप की कोशिश नहीं है। यह टिप्पणी उन महिलाओं को हतोत्साहित करने और उनका मखौल उड़ाने जैसी थी, जो यौन उत्पीड़न जैसे अपराध की शिकार हैं और न्याय पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उन्हें हिम्मत मिली होगी कि न्याय का पलड़ा उनके पक्ष में है।

**गलती सुधारी :** अदालती फैसले केवल कठघरे तक सीमित नहीं रहते। इनका असर व्यापक समाज पर पड़ता है। इससे भविष्य में अपराधियों को दंड और पीड़ित को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। दुर्भाग्य से मौजूदा मामले की एक टिप्पणी अगर कायम रहती, तो आगे चल कर रेप से जुड़े मामलों में महिलाओं को इंसाफ दिलाना मुश्किल हो सकता था। हाइकोर्ट के फैसले में कहा गया था कि अपराध की तैयारी और उसके प्रयास में मुख्य अंतर केवल इरादे की मजबूती का होता है। गनीमत है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी गलत बताया।

**पिछले साल कलकत्ता हाइकोर्ट ने एक टिप्पणी में कहा था कि लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं पर काबू रखना चाहिए और तब भी सुप्रीम कोर्ट ने दखल देते हुए इसे आपत्तिजनक बताया था।**

**सावधानी क्यों नहीं :** शीर्ष अदालत ने गलतियों को सुधारने की कोशिश की है, लेकिन सवाल है कि ऐसी नौबत आती ही क्यों है? यौन उत्पीड़न से जुड़े केस में तो खास संवेदनशीलता और पीड़िता पर पड़ने वाले भावनात्मक असर का ख्याल रखा जाना चाहिए। हर एक शब्द नाप-तौल कर इस्तेमाल होना चाहिए। लेकिन, ऐसा क्यों नहीं हो रहा? पिछले साल कलकत्ता हाइकोर्ट ने एक टिप्पणी में कहा था कि लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं पर काबू रखना चाहिए और तब भी सुप्रीम कोर्ट ने दखल देते हुए इसे आपत्तिजनक बताया था। फिर पिछले साल ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाइकोर्ट को याद दिलाया कि बलात्कार के आरोपी को पीड़िता या उसके माता-पिता या संरक्षक की बात सुने बिना जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

**समर्थन चाहिए :** महिलाओं के लिए न्याय की लड़ाई अब भी बहुत कठिन है। उन्हें अत्याचार करने वाले का तो सामना करना ही पड़ता है, कई बार खुद के परिवार और समाज से भी भिड़ना पड़ता है। हर कदम पर उन्हें इज्जत की दुहाई मिलती है। यह सब झेलते हुए जब वह अदालत पहुंचती हैं, तो बार-बार बीती बातों को याद दिलाया जाता है। इस संघर्ष में उन्हें न्यायपालिका का साथ चाहिए, ऐसी टिप्पणियां और दकियानूसी नसीहतें नहीं, जो उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दें।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**वर्तमान में भारत में लगभग 432 मिलियन कामकाजी महिलाएं हैं, जिनमें से 343 मिलियन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि महिलाओं को समान अवसर देकर, भारत 2025 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद में 770 बिलियन अमेरिकी डॉलर जोड़ सकता है। भारतीय स्टार्टअप दृश्य एक महत्वपूर्ण बदलाव देख रहा है, क्योंकि महिला उद्यमी बाधाओं को तोड़ती हैं और अपनी पहचान स्थापित करती हैं।**

# महिला आर्थिक सशक्तिकरण और सतत विकास



**प्रो (डॉ) तपन शांडिल्य**



वर्तमान समय महिला सशक्तिकरण का युग है, जिसमें महिलाओं को समाज में बराबर का दर्जा मिल रहा है, लेकिन अभी भी कॉरपोरेट और उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करना बाकी है। इसके लिए न केवल सरकार, बल्कि समाज के हर तबके को भी महिलाओं को प्रोत्साहित करना होगा, ताकि वे भी अपनी योग्यता और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना न केवल समाज के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पूरे देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण है। जब महिलाएं सफल होंगी, तो समाज भी आगे बढ़ेगा।

महिलाएं हमारे देश की आधी आबादी हैं, जब अधिक महिलाएं काम करती हैं, तो इसका सीधा असर हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। महिला आर्थिक सशक्तिकरण सकारात्मक विकास परिणामों और उत्पादकता को बढ़ाता है, इसके आलावा यह आर्थिक विविधीकरण और आय समानता को भी बढ़ाता है।

महिलाओं के अधिकारों और लैंगिक समानता को फलीभूत करने के लिए महिला आर्थिक सशक्तिकरण केंद्रीय आवश्यकता है। महिला उद्यमियों के लिए मानसिक और आर्थिक रूप से उनकी सफलता की यात्रा के लिए अधिक सहयोग और अवसर प्रदान करना समय की मांग है।

**वर्तमान में, भारत में लगभग 432 मिलियन कामकाजी महिलाएं हैं, जिनमें से 343 मिलियन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं।**

वर्तमान में, भारत में लगभग 432 मिलियन कामकाजी महिलाएं हैं, जिनमें से 343 मिलियन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि महिलाओं को समान अवसर देकर, भारत 2025 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद में 770 बिलियन अमेरिकी डॉलर जोड़ सकता है। भारतीय स्टार्टअप दृश्य एक महत्वपूर्ण बदलाव देख रहा है, क्योंकि महिला उद्यमी बाधाओं को तोड़ती हैं और अपनी पहचान स्थापित करती हैं। एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के लगभग 18: यूनिकॉर्न अब महिलाओं द्वारा स्थापित किये गये हैं। भारत एक ऐसा देश है, जहां समाज पुरुष प्रधान रहा है और यहां महिलाओं की परिवार के पुरुष सदस्यों पर निर्भरता उनके जीवन के लगभग हर क्षेत्र में देखी गयी। कुछ हद तक, परिवार में महिलाओं की निम्न स्थिति और निर्णय लेने की कमी के लिए पुरुषों पर उनकी आर्थिक और सामाजिक निर्भरता को जिम्मेदार माना जाता है।

महात्मा गांधी जी ने यंग इंडिया नामक एक साप्ताहिक पत्रिका में 1930 में लिखा था की हमारे गांवों में लाखों महिलाएं जानती हैं कि बेरोजगारी का क्या मतलब है, उन्हें आर्थिक गतिविधियों तक पहुंच प्रदान करें जिससे वो अपनी शक्ति और आत्मविश्वास को जान सकेगी, जिससे वह अब तक अनजान रही हैं। लगभग एक सदी बीत चुकी है, और भारत ने तब अब तक सभी क्षेत्रों में बहुआयामी विकास हासिल किया है, उसके बावजूद आज भी बहुत सी समस्याएं प्रासंगिक हैं। हालांकि, महिलाएं भारत की 1.2 अरब की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं, फिर भी उन्हें आर्थिक गतिविधियों और निर्णय लेने की स्वतंत्रता के साथ ही स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा आदि के संसाधनों तक भी आसानी से पहुंच प्रदान नहीं है।

**स्वयं-सहायता समूह एवं आर्थिक सशक्तिकरण :** स्वयं-सहायता समूह का मतलब ऐसे लोगों के स्वयं-शासित, समकक्ष नियंत्रित, अनौपचारिक समूह से है, जिनकी समान सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि हो और सामूहिक रूप से कार्य करने की इच्छा रखते हों। भारत में, एसएचजी आंदोलन 1980 के दशक में शुरू हुआ, जब कई गैर-सरकारी संगठनों ने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब समुदायों को संगठित किया और उन्हें सामाजिक और वित्तीय सहायता के लिए औपचारिक चैनल की पेशकश की। नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के साथ इस कार्यक्रम ने गति प्राप्त की, ऐसे समूहों की एक छोटी संख्या को बैंकों के साथ जोड़ा गया। स्वयं-सहायता समूह द्वारा बैंक लिंकेज कार्यक्रम चलाया है, इस क्रांतिकारी पहल ने समूह के सदस्यों को जोड़ा, जिनमें से कई के पास पहले कभी बैंक खाते नहीं थे।

भारत में स्वयं सहायता समूहों की उत्पत्ति का प्रथम प्रमाण 1972 में स्व-नियोजित महिला संघ की स्थापना से मिलता है । इससे पहले भी संगठन के छोटे-छोटे प्रयास होते थे। उदाहरण के लिए, 1954 में, अहमदाबाद के टेक्सटाइल लेबर एसोसिएशन (टीएलए) ने इसी क्रम में अपनी महिला विंग का गठन किया, जो एक ऐतिहासिक आंदोलन का प्रतीक है, जिसमे महात्मा गांधी की भूमिका प्रमुख रही। सेवा का गठन करने वाली इला भट्ट ने गरीब और स्वरोजगार करने वाली महिला कामगारों को संगठित किया। नाबार्ड ने 1992 में एसएचजी बैंक लिंकेज प्रोजेक्ट का गठन किया, जो आज दुनिया का सबसे बड़ी सूक्ष्म वित्त परियोजना।

**महिला आर्थिक सशक्तिकरण एवं सतत विकास :** महिलाएं देश की आधी आबादी है जब अधिक महिलाएं काम करती हैं, तो इसका सीधा असर हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। महिला आर्थिक सशक्तिकरण, सकारात्मक विकास परिणामों के अलावा उत्पादकता को बढ़ाता है, इसके साथ ही आर्थिक विविधीकरण और आय समानता को भी बढ़ाता है। महिलाओं के अधिकारों और लैंगिक समानता को फलीभूत करने के लिए महिला आर्थिक सशक्तिकरण केंद्रीय आवश्यकता है। इसमें मौजूदा बाजारों में समान रूप से भाग लेने की महिलाओं की क्षमताय उत्पादक संसाधनों तक उनकी पहुंच और नियंत्रण, अच्छे कामों तक पहुंच, अपने समय, जीवन और शरीर पर नियंत्रणय और घर से लेकर अंतरराष्ट्रीय संस्थानों तक सभी स्तरों पर निर्णय लेने में उनकी सक्रीय और सार्थक भागीदारी शामिल है ।

अर्थव्यवस्था में महिलाओं को सशक्त बनाना और काम की दुनिया में लैंगिक अंतर को खत्म करना सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा को प्राप्त करने की कुंजी है। समाज को एक साथ रखने की अधिकांश जिम्मेदारी महिलाएं ही उठाती हैं, चाहे वह घर हो, स्कूल हो, स्वास्थ्य सेवा हो या हमारे बुजुर्गों की देखभाल। ये सभी कार्य वे आमतौर पर बिना वेतन के करती हैं। और इन कामों का हमारे समाज में कोई मूल्य नहीं समझा जाता। महिलाओं ने बीते दशकों में स्वयं को आत्मनर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये है। महिलाएं सांगठनिक स्तर पर अधिक मजबूती से आगे बढ़ रही है। उनके सामूहिक प्रयास बड़े पैमाने पर सामाजिक, आर्थिक और काफी हद तक राजनैतिक परिदृश्य पर बड़े बदलाव के साक्षी बन रहे है। महिलाये संगठित हो कर ही अपनी दिशा और दशा बदल सकती है, ये बात वो समझ चुकी है।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओः एक क्रांतिकारी कदम :** देश में सभी बालिका बच्चों को शिक्षित करने के लिए लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन को लॉन्च किया गया है। सरकार सफलतापूर्वक जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स का निर्माण करके इस योजना को बढ़ावा देने में सक्षम है। यह योजना 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत जिले में 100 करोड़ रुपये के शुरूआती धन के साथ शुरू की गई थी। इस योजना को लॉन्च करने से पहले, पनीपत का बाल लिंग अनुपात 2001 में 808 और 2011 में 837 था। इस योजना को शुरू करने के बाद पनीपत का बाल लिंग अनुपात दिन-प्रतिदिन सुधार कर रहा है।

**आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका :** महिलाएं आर्थिक विकास के मामले में तब आगे बढ़ेंगी जब लड़कियां शिक्षित होकर आगे बढ़ जायेंगी। इस तरह महिलाएं अपनी शिक्षा का उपयोग खुद के व्यवसाय में शुरू करने की कोशिश करेंगी और महिलाओं का समाज के आर्थिक विकास में भी योगदान बढ़ेगा।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राची के कुलपति हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### बाल विकास शिक्षा निकेतन के चार छात्रों का नेतरहाट आवासीय विद्यालय में चयन



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के इंद्रटांडी स्थित बाल विकास शिक्षा निकेतन आवासीय विद्यालय के चार छात्रों को प्रतिष्ठित नेतरहाट आवासीय विद्यालय कक्षा 6 में नामांकन के लिए चयन किया गया। चयनित छात्रों में जन्मेजय सरदार, अनुज सिंकू, संजय महतो एवं अनिलेश सोय शामिल हैं। विद्यालय के संचालक विद्याभूषण सिंह ने बताया प्रवेश परीक्षा में कुल 12 छात्रों ने भाग लिया था। जिनमें से चार का चयन हुआ। उन्होंने इसे विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। संचालक विद्याभूषण सिंह ने कहा यहां छात्रों को नियमित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार की जारही है। आने वाले दिनों में यहां के विद्यार्थी आगे भी झारखंड का नाम रोशन करेंगे।

### सोनारी में कवि सम्मेलन का आयोजन




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी स्थित आर्किड रेसीडेंसी सभागार में साहित्यिक मंच 'काव्य निर्झर' के द्वारा भव्य कवि सम्मेलन एवं काव्य संध्या का आयोजन किया गया। ख्यातिप्राप्त कवि मामचंद्र अग्रवाल 'वसंत जमशेदपुरी' के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉ. प्रसेनजित तिवारी, विशिष्ट अतिथि रंगकर्मी अनिता सिंह व तुलसी भवन साहित्य समिति के सचिव डॉ. अजय ओझा शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जलित कर किया गया। संयोजिका माधवी उपाध्याय ने स्वागत वक्तव्य दी। मौके पर मुख्य आथिति डॉ. प्रसेनजित तिवारी ने भारतीय मूल्यों और संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथियों ने 'काव्य निर्झर' की सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए संस्था को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन दिव्येंदु त्रिपाठी ने किया। काव्य सत्र में कवि कवयित्रियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सरस्वती वंदना से प्रारंभ इस सत्र में रीना सिन्हा, सुष्मिता मिश्रा 'सलिलात्मजा', डॉ. लता मानकर 'प्रियदर्शिनी', अंकिता सिन्हा, रिम्मी वर्मा, डॉ. वीणा पांडेय 'भारती', डॉ. संध्या सिन्हा, उपासना सिन्हा, माधवी उपाध्याय सहित अन्य कवियों ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। संचालक दिव्येंदु त्रिपाठी की प्रस्तुति ने भी विशेष प्रभाव छोड़ा। अंत में मधु सिंह चौहान ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### टाटा मोटर्स के 225 कर्मी स्थायी हुए

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स में 225 अस्थाई कर्मियों को स्थाई करने की सूची शुक्रवार को जारी की गयी। यह छठा बैच है,इससे पूर्व जनवरी 2025 में कर्मी स्थायी हुए थे। सूची लेबर ब्यूरो के सूचना पट पर जारी की गयी। सूचीबद्ध कर्मियों को मेडिकल जांच के लिए तिथिवार आमंत्रित किया गया है। साथ ही जरूरी कागजातों के साथ लेबर ब्यूरो में उपस्थित होने का निर्देश भी दिया गया।

## जिला पुलिस ने मॉक ड्रिल कर उपद्रव नियंत्रण की तैयारियों को परखा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर आगामी त्यौहार को लेकर उपद्रवियों से निपटने की तैयारी को सुनिश्चित करने हेतु विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया। शुक्रवार को गोलमुरी पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल में जिला पुलिस कप्तान किशोर कौशल शामिल रहे। उनके उपस्थिति में इस अभ्यास के दौरान पुलिस बल की तत्परता और आवश्यक सुधार बिंदुओं पर ध्यान दिया गया। गोलमुरी पुलिस लाइन में हुए अभ्यास के दौरान आंसू गैस के गोले भी छोड़े गये। ताकि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया की जांच की जा सके। मॉक ड्रिल के दौरान किसी अप्रिय घटना में घायल व्यक्तियों को किस प्रकार तेजी से सहायता पहुंचायी जा सकती है उसका आकलन भी किया गया। इससे पूर्व सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित कर स्थानीय लोगो को जिला पुलिस की सहयोग के लिए जागरूक किया गया। एसएसपी ने मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से प्रभावी रूप से निपटा जा सके। जिला पुलिस आम नागरिकों से शांति बनाये रखने में सहयोग की अपील करती है। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जाने का भरोसा दिलाती है। कहा कि आगामी पर्व त्योहार के लिए जिला पुलिस पूरी तरह सतर्क है। सड़क पर निकलने वाले जुलूस को लेकर सीसीटीवी कैमरा, सभी चौक चौराहा में पुलिस बल की तैनाती और ड्रोन कैमरा की व्यवस्था भी की गयी है।

### जमशेदपुर में मुखिया कार्यशाला का आयोजन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन एवं पिरामल फाउंडेशन द्वारा पंचायतों को सक्षम बनाने हेतु एक दिवसीय मुखिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान सहित पोटका, मुसाबनी, पटमदा और बोड़ाम प्रखंडों के मुखियागण शामिल हुए। दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपविकास आयुक्त अनिकेत सचान ने कहा पंचायतों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व पंचायती राज के समग्र विकास हेतु योजनाओं का सही चयन आवश्यक है। उन्होंने मुखियाओं से सरकारी परिसंपत्तियों के संचालन और योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

## श्री श्री विजय बजरंग मंदिर में रामनवमी महोत्सव 30 से

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भालुवासा श्री श्री विजय बजरंग मंदिर में जंबू अखाड़ा के तत्वाधान में रामनवमी महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जायेगा। शुक्रवार को समिति के संरक्षक बंटी सिंह ने इसकी जानकारी दी। बंटी सिंह ने बताया हिंदू नववर्ष,चैत्र नवरात्र, चैती छठ, सरहुल एवं रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा जंबू अखाड़ा समिति के द्वारा 30 मार्च से 7 अप्रैल तक हर्षोल्लास से सांस्कृतिक, धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्री रामनवमी जन्मोत्सव का महा आयोजन किया जायेगा। महोत्सव का शुभारंभ झारखंड व बंगाल से आए कीर्तन मंडलियों के द्वारा 30 मार्च से 1 अप्रैल तक 48 घंटे अखंड हरिनाम संकीर्तन से किया जायेगा। आगामी 3 अप्रैल संध्या 5:30 बजे से महाषष्ठी के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली जायेगी। कलश यात्रा में 21 श्री राम भक्तों ने जंबू अखाड़ा से निकलकर स्वर्णरेखा नदी घाट,पुराना कोर्ट, पुराना बुक स्टोर, फैशन वर्ल्ड, रिलायंस फ्रेश, साकची बड़ा गोल चक्कर से स्ट्रेट माइल रोड में बाराद्वारी, कुम्हार पाड़ा होते हुए पुनः जम्मू अखाड़ा मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। कलश यात्रा में हरियाणा की प्रसिद्ध अमित एंड ग्रुप और जमशेदपुर के कलाकारों द्वारा संगीत प्रस्तुत, रथ पर मनमोहक झांकियां, राम दरबार व एक रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा का जीवंत चित्रण दिखाये जायेंगे। साथ ही अघोरियों का नृत्य और बाहुबली हनुमान श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेंगे। यात्रा में 15 से अधिक विभिन्न स्थानों से आये डंका, सिंग बाजा मौजूद रहेंगे। इस यात्रा में कटक,उड़ीसा के समूह द्वारा आतिशबाजी की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेगी। 3 अप्रैल को मंदिर प्रांगण में तराना ग्रुप द्वारा श्रद्धालुओं के बीच भजन प्रस्तुत की जायेगी। 4, 5 एवं 6 अप्रैल को श्री हनुमान जी की विधि विधान के साथ पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना, ध्वजा पूजन, शस्त्र पूजन, संध्या आरती के उपरांत जंबू अखाड़ा के प्रशिक्षित बच्चों द्वारा अखाड़ा करतब बाजी का प्रदर्शन किया जायेगा। तीन दिवसीय भजन संध्या में 4 अप्रैल कोलकाता की सुप्रसिद्ध भजन गायिका रानी रंजन, 5 अप्रैल को धनबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक पिंटू शर्मा एवं 6 अप्रैल को जमशेदपुर के लोकप्रिय भजन गायक कृष्णमूर्ति द्वारा भजनों की प्रस्तुति की जायेगी। मौके पर जंबू अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह, लाइसेंसी रणबीर मंडल, सचिव मधुसूदन गोस्वामी, सुमित सिंह, आकाश प्रसाद, अनिल शर्मा, उपेन्द्र पाल, काकुली मुखर्जी, आरती मुखी, रंजिता रॉय, रवि विश्वनाथ सहित अन्य शामिल रहे।

### हिंदू उत्सव समिति का नववर्ष यात्रा कल




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा आगामी 29 मार्च को भव्य हिन्दू नववर्ष यात्रा निकालने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। शुक्रवार को समिति के संरक्षक उपेंद्र कुमार सिंह मस्तान, अध्यक्ष अधिवक्ता रवि प्रकाश, यात्रा संयोजक मृत्युंजय सिंह, मातृशक्ति प्रमुख कविता परमार और अन्य पदाधिकारियों ने यात्रा की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया भव्य शोभायात्रा डिमना चौक ट्रांसपोर्ट नगर से निकलेगी। शोभायात्रा में लगभग पांच लाख रामभक्तों की सहभागिता होगी। यात्रा मानगो चौक, बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक, पुराना कोर्ट होते हुए साकची सुभाष मैदान (आमबगान) में पहुंचेगी। जहां 21 पंडितों द्वारा भारत माता की भव्य आरती संपन्न की जायेगी। शोभायात्रा में श्रीराम भगवान की 21 फीट ऊंची प्रतिमा, राम दरबार, शिव परिवार की झांकियां,रामगढ़ का डंका, अघोरी नृत्य, बानर सेना और आधुनिक भव्य डीजे, हजारों महिलाएं पारंपरिक परिधान में यात्रा का नेतृत्व मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगी।यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 200 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गयी है। मौके पर हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक शिवशंकर, कन्हैया और धर्मेंद्र सोनकर ने शहर के समस्त हिन्दू परिवारों से आग्रह है हिन्दू एकता को बढ़ाने के लिए सभी अपने अपने घरों से एक व्यक्ति की सहभागिता इस यात्रा में सुनिश्चित करने की कृपा करें। इस अवसर पर अभिमन्यु प्रताप सिंह,पीयूष परासर, नीलेश पांडेय,अश्वनी सिंह, संजीत शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एसपी ने संदिग्ध गतिविधि की सूचना टोल फ्री नंबर 112 पर देने की अपील की




**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** आगामी ईद-उल-फितर, सरहुल, रामनवमी, चैत्र नवरात्र शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक डीसी रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शुक्रवार को बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में डीसी ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने एवं अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। एसपी मुकेश लूणायत ने बताया आवश्यकतानुसार ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी। प्रशासन ने शांति समिति व अखाड़ा समितियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपील की। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना टोल फ्री नंबर 112 पर देने का अनुरोध किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मैक्लुस्कीगंज के नये थाना प्रभारी बने धनंजय बैठा



**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैक्लुस्कीगंज थाना का नया थाना प्रभारी के रूप में धनंजय बैठा ने शुक्रवार को योगदान दिया है। वर्तमान थाना प्रभारी ने नये थाना प्रभारी का बुके देकर स्वागत किया। वहीं वर्तमान थाना प्रभारी गोविंद कुमार के का तबादला रांची पुलिस केंद्र में कर दिया गया है। ज्ञात हो की गोविंद कुमार के कार्यकाल के दौरान थाना क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण मामलों का समाधान किया गया, जिससे कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायता मिली। अब धनंजय बैठा को थाना प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाये रखना, अपराध पर अंकुश लगाना और जनसहयोग से पुलिसिंग को प्रभावी बनाना रहेगा।

### दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जन शिक्षण संस्थान खूंटी द्वारा दो दिवसीय क्षमता निर्माण कर्मक्रम का आयोजन जन शिक्षण संस्थान विकास भारती खूंटी में 27 और 28 मार्च को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की जिला समन्वयक आतेन विश्वासी तोपनो और विशिष्ट अतिथि के तौर पर आशीष वर्मा, ब्लॉक समन्वयक त किरण लता भेंगरा, और झारक्राफ्ट के कलस्टर मेनेजर विशेश्वर सिंह उपस्थित थे। जिला उद्योग विभाग के अधिकारियो ने जेएसएस के प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की और हर संभव मदद का भरोसा दिया। कार्यक्रम पदाधिकारी सुब्रत सेन प्रधान प्रशिक्षक द्वारा लाभार्थी का चयन, प्रशिक्षण केंद्र पर व्यवस्था, दस्तावेज व्यवस्था तथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार संचालित संबंधी जानकारी दी गयी। प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने जीवन कौशल, उद्यमी, उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता डिजीटल साक्षरता की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में छह प्रखंडों में 40 कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव कुमार, राहुल कुमार, युधिष्ठिर बारला और सभी प्रतिभागियों का योगदान रहा।

### खलारी में नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस मना



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी बड़कीटॉड में नीलाम्बर पीताम्बर जन कल्याण समिति के तत्वावधान में वीर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता उपस्थित थे। सबसे पहले सभी अतिथियों ने नीलाम्बर-पीताम्बर के प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। बिगन सिंह भोगता ने कहा कि देश की आजादी में नीलाम्बर पीताम्बर का अहम योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर रामलखन गंझु, नरेश गंझु, अमृत भोगता,प्रभाकर गंझु,विश्वनाथ गंझू, शिवदयाल गंझु, मंगल गंझु, विनय टोप्पो आदि उपस्थित थे।

### नदी से अज्ञात महिला का शव बरामद

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के नारो और नदीसाई के बीच करकरी नदी के अंदर से करीब 35 वर्षीय एक विवाहित महिला की लाश बरामद किया गया। शुक्रवार को ईचागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि नदी के पानी में पत्थर से दबा एक लाश है। सूचना पर ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लाश को बरामद किया। लाश की पहचान नही हो पाया है, सर पर पत्थर से कुच दिया गया है। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि प्रथमदृष्टया हत्या कर लाश को छुपाने के नियत से नदी में पत्थर से दबा दिया गया था। लाश के पास से खून से सना पत्थरों को भी बरामद कर लिया गया है। लाश का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया।

### दूसरी जगहों पर होनेवाली घटना की प्रतिक्रिया तोरपा में व्यक्त न करें : एएसपी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि दूसरी जगहों पर होनेवाली किसी घटना की प्रतिक्रिया तोरपा में व्यक्त न करें। उन्होंने कहा कि रामनवमी, ईद और सरहुल त्योहार के दौरान किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। एएसपी केरकेट्टा शुक्रवार को तोरपा थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। एसडीपीओ ने कहा कि कोई भी त्योहार किसी खास समुदाय का नहीं होता, बल्कि पर्व-त्योहार पूरे समाज के एिए होते हैं। इस बार भी यहा के लोग मिलजुल कर त्योहारों को मनायेंगे। बैठक का संचालन करते हुए तोरपा के थाना प्रभारी मुकेश कुंमार हेम्ब्रम ने कहा कि रामनवमी को लेकर तोरपा थाना क्षेत्र में 15 लाइसेंसधारी समितियां हैं। उन्होंने कहा कि अब नयी लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं लिया जायेगा। इसके लिए अनुमंडल कार्यालय में पर्व के 15-20 दिन पहले आवेदन देना होता है। बैठक में प्रमुखा रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कुमार कर, रामनवमी महसमिति के अध्यक्ष अमित जायसवाल, मुखिया विनिता नाग, मुखिया जोन टोपनो, मुखिया शिशिर टोपनो, संतोष जायसवाल, निवोद भगत, कैसर खान, अख्तर खान, उप मुखिया राजू साहू, संतोषी तोपनो सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जल, जंगल, जमीन और प्रकृति को मिलजुल कर बचाना है: सुदीप गुड़िया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झामुमो की कर्रा प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को जरियागढ़ में सरहुल मिलन समारोह सह शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। समारोह में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया बतौर मुख्य अतिथि के शामिल हुए। कार्यक्रम करी शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति में पूजा-अर्चना और माल्यार्पण कर की गयी। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों को सरहुल की बधाई देते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन को हम सभी को मिलकर बचाना है और प्रकृति की रक्षा करनी है। समारोह में खोड़ा टीम की महिलाओं के बीच विधायक ने साड़ी का वितरण किया। कार्यक्रम में संचालन राहुल केशरी ने किया। मौके पर छत्री हेमरोम, मार्शल होरो, लछुवा लोहरा, पूनम बारला, सुनीता चोचा, केलेमेसिया ओड़ेया, शंभू शर्मा, रोशन उरांव, बीजू सोनी, संजय मुंडा, सहदेव भेगरा, खेदन लकड़ा, जोहान आईंदड, भोला साहू, शंकर साहू, राजू उरांव, बिरसा मुंडा आदि उपस्थिति थे।

# जोहार जाहेर सरना समिति ने मनाया सरहुल महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आगसिया गांव में जोहार जाहेर सरना पूजा महली समिति द्वारा सरहुल महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख गुरू पद मार्डी, पंसस सरला देवी, अध्यक्ष परेश महली, सचिव गुरू चरण महली, संयोजक उमापद पहली आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। विधायक सविता महतो सरहुल में उपस्थित होकर पूजा समिति का हौसला अफजाई किया। उन्होंने सरहुल पूजा में माथा टेककर क्षेत्र की तरक्की का कामना किया।

रात्रि को बंगाल के पुरूलिया जिला के निपेन सहित और हेम सिंह महतो के दलों द्वारा छऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर रमन महली, दुबराज महली, गुरू चरण महली, रंजीत महली, देवलाल महली, अजित, रोहिदास, अनिल सिन्हा, कार्तिक, धनराज, करम, मोतीलाल महली आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### झामुमो कमेटी ने जिला संयोजक को विस्तारीकरण की सूची सौंपी

**सिल्ली।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो उर्फ बलराम ने रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम को सिल्ली प्रखंड कमेटी विस्तारीकरण की सूची सौंपी। जिसमें सचिव अनिल चंद्र महतो, कोषाध्यक्ष गंगा नारायण सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष लखीराम बेदिया, दिलेश्वर बेदिया, संतोष महली, अनिल कुमार मांझी, संगठन सचिव अजीत कुमार महतो, शिवम कुमार सोनार, सुभाष चंद्र महतो, संयुक्त सचिव दिलीप बेदिया, बंशी कोईरी, मीडिया सदस्य महेश महतो,कार्यालय प्रभारी विकास रजक समेत सूची में दर्जनों सदस्यों का नाम और मोबाइल नंबर अंकित था।

### दो दिवसीय ट्रायल में सफल खिलाड़ियों का किया गया चयन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग द्वारा खूंटी जिले में संचालित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (बालिका), हॉकी आवासीय प्रशिक्षण केंद्र (बालक), क्रीड़ा किसलय केंद्र (आर्चरी) तथा सभी प्रखंडों के हॉकी डे-बोर्डिंग केंद्रों के रिक्त स्थानों को भरने के लिए चयन ट्रायल्स का आयोजन शुक्रवार को किया गया। दो दिवसीय चयन ट्रायल 27 एवं 28 मार्च को संपन्न हुआ। जिसमें पहले दिन लगभग 250 से अधिक और दूसरे दिन लगभग 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण केंद्रों में राष्ट्रीय स्तर के कोचों से उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, ताकि वे अपने खेल को निखारकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे।

# नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में खूंटी का शानदार प्रदर्शन रहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में सुभाष चंद्र आवासीय विद्यालय खूंटी के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। कंपाउंड अंडर-13 बालक वर्ग में सुधीर सांगा ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य, जिला और विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा, अंडर-10 वर्ग में सत्यम महतो और रौनक राज ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तीरंदाजों के खूंटी लौटने पर विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय में शिक्षकों और छात्रों ने इन विजेताओं का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। शिक्षकों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। कोच आशीष कुमार, जिनकी देखरेख में इन खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर वार्डन ने कहा कि विद्यालय में एक प्रयास के तहत दो वर्ष पूर्व शून्य से तीरंदाजी की शुरूआत की गयी थी। यह देखकर गर्व होता है कि हमारे विद्यार्थी नेशनल स्तर पर पदक जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों को और बेहतर सुविधा मिलें, तो वे भविष्य में देश के लिए भी पदक जीत सकते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों और प्रशिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि बच्चों की मेहनत और समर्पण रंग ला रहा है। मौके पर शिक्षक अब्राहम टूटी, ईवा धान, अर्चना कुमारी, नेहा कुमारी, रवि राम, सुमी और गणेश सहित अन्य भी इस अवसर पर मौजूद थे। सभी ने मिलकर इन विजेताओं की प्रशंसा की और भविष्य में और ऊंचाइयों तक पहुंचने की शुभकामनाएं दीं।

# जूनियर एफसी ने कड़े मुकाबले में आराडीह को 1-0 से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग ग्रुप बी का छठा मैच जूनियर एफसी बुंडू और एफसी आराडीह के बीच जीइएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। कड़े मुकाबले में जगमोहन मुंडा के एक मात्र गोल किया। वहीं एफसी अराडीह के सुदेश महतो, बुधु मुंडा और जूनियर एफ सी बुंडू के कर्मा मछुवा को खराब खेल के कारण पीला कार्ड दिया गया। प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब एक मात्र गोल करने वाले जगमोहन मुंडा को दिया गया। लीग का सातवां मैच एफ सी पारसी और राज स्पोर्ट्स बुंडू के बीच शनिवार शाम 3 बजे खेला जायेगा। मैच के दौरान आयोजक पीपीएसए के सभी पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद थे।

### 30 मार्च को होगी बाबा भोलनाथ की विशेष श्रृंगार पूजा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** हिंदू नववर्ष 2082 विक्रम संवत चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 30 मार्च को बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबाधाम परिसर के मंदिरों की आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी। आम्रेश्वर धाम के मुख्य पुजारी हरिहर कर द्वारा विशेष पूजा एवं आरती की जायेगी। हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर बाबा आम्रेश्वर धाम में होनेवाले विशेष श्रृंगार पूजन, महाआरती में समिति के पदाधिकारियों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी भी भाग लेंगे। बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी पुरोहित सच्चिदानंद शर्मा ने बताया कि दुर्गा मंदिर में मेष लग्न में प्रात 6.36 से 8.13 के मध्य कलश स्थापना के बाद अन्य अनुष्ठान और चंडी पाठ शुरू होगा। उन्होंने बताया कि 31 मार्च सोमवार को द्वितीय पूजन सुबह 7 बजे से शुरू होगा। एक अप्रैल मंगलवार को तृतीया पूजन सुबह 6.30 बजे से होगा। दो अप्रैल बुधवार को चतुर्थी पूजन प्रातः 5.30 बजे से, दो अप्रैल बुधवार कों ही पंचमी पूजन अपराहन 3 बजे से, तीन अप्रैल गुरुवार षष्टि पूजन सुबह 7.30 बजे से, चार अप्रैल शुक्रवार को सप्तमी पूजन सुबह सात बजे से, पांच अप्रैल शनिवार अष्टमी पूजन सुबह 6.30 से तथा छह अप्रैल रविवार नवमी पूजन सुबह 6 बजे स होगा। पूर्वाह्न 11 बजे हवन और 12.45 बजे भोग आरती के पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

# गरिमा केंद्र का उद्घाटन, महिला सशक्तीकरण को मिलेगा बढ़ावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अड़की प्रखंड में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को गरिमा केंद्र का उद्घाटन किया गया। केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख ने किया। मौकें पर थाना प्रभारी, अड़की प्रखंड के सभी बैंक मैनेजर, जेएसएलपीएस, डीएमएसडी सहित संकुल संगठन के कार्यकारिणी सदस्य, सामाजिक बदलाव उप-समिति सदस्य और जेंडर सीआरपी उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (सामाजिक विकास) रमेश नायक ने गरिमा केंद्र की संरचना, उद्देश्य, उपलब्ध सेवाओं और संचालन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह केंद्र महिलाओं को सशक्त बनाने, जागरूकता बढ़ाने और उनकी सहायता के लिए विभिन्न सेवाएं प्रदान करेगा। प्रखंड प्रमुख ने उद्घाटन समारोह में कहा कि नारी सशक्तीकरण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि वे पुलिस से डरने की बजाय अपनी समस्याओं को खुलकर साझा करें, और थाना उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगा। बैंक प्रबंधकों ने महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी और उन्हें नियमित रूप से अपने बचत खातों में लेन-देन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गरिमा केंद्र महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें न्याय, सुरक्षा, वित्तीय जागरूकता और सामाजिक सहयोग प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

**पोस्टल सेवा बोर्ड नयी दिल्ली के सदस्य ने किया डाक सेवा का निरीक्षण**

# प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में डाकघर का होना जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** भारत सरकार के संचार मंत्रालय के पोस्टल सेवा बोर्ड, नयी दिल्ली के सदस्य नीरज कुमार ने शुक्रवार को भारतीय डाक सेवा की क्वालिटी कंट्रोल की जांच के लिए खूंटी पहुंचे। अधिकारी ने जिले कें तोरपा और मुरहू प्रखंड के बिचना में आयाजित डाक चौपाल का निरीक्षण किया। इसके पूर्व मुरहू पहुंचने पर प्रखंड के उप प्रमुख अरूण साबू और बिचना पंचायत की मुखिया नरगिस प्रियंका तीडू ने अंग वस्त्र देकर पारंपरिक ढंग से नीरज कुमार का स्वागत किया। मौके पर नीरज कुमार ने डाकघर की सेवा को और कैसे बेहतर बनाया जाये, इस संबंध में थानीय लोगों के साथ विचार विमर्श किया।

**डाकघर को कार्गो सेवा से जोड़ा जाये : अरूण साबू**

मुरहू के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने सलाह दी कि प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में डाकघर का होना जरूरी है। डाकघर को कार्गो सेवा से जोड़ते हुए ग्रामीणों के खेत की उपज को बाजार से जोड़ा जाये। इसके लिए न्यूनतम राशि में कार्गो सेवा उपलब्ध हो। मुखिया नरगिस प्रियंका तिड़ू ने कहा कि आम जन को डाकघर पर बहुत भरोसा है। डाकघर की सुबिधा से ग्रामीणा काफी खुश हैं। लोगों के सुझाव पर भारत सरकार के अधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि हम इस बात से खुश हैं कि लोग डाक विभाग की सेवा से संतुष्ट हैं। अधिकारी के भ्रमण के दौरान वरीय डाक अधीक्षक, जिला डाक अधीक्षक, के अलावा खूंटी और मुरहु डाकघर के अधिकारी मौजूद थे।

# जनता ने सरकार बनायी है, तो लोगों का काम होना चाहिए : बंधु तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और सरकार में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के पिता अपनी ही सरकार के खिलाफ उतर आये हैं। पूर्व मंत्री ने शुक्रवार को कर्रा मे आयोजित सीओ भगाओ, जमीन बचाओं आदोलन में अंचलाधिकारी वंदना भारती को कर्रा से हटाने की मांग की। कर्रा प्रखंड में संयुक्त पड़हा समिति के बैनर तले आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि जनता ने सरकार बनायी है, तो जनता का काम होना चाहिए। झारखंड की जनता की जमीन लूटी जा रही है। यहां फर्जी कागजात तैयार कर जमीन की खरीद-बिक्री की जा रही हैं। दलालों और भू माफिया की चलती चल रही है। इस दौरान ग्लैडसन डुंगडुंग, केडी गुरु सहित कई लोगों ने विचार विचार व्यक्त किये।

### स्ट्रीट लाइट खराब होने से ग्रामीण परेशान

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू नगर पंचायत के बेसरा टोली से वन विभाग तक स्ट्रीट लाइट पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ी है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अंधकार में लोगों का चलना दुभर हो गया है।

### अलविदा जुमा की नमाज अदा की गयी

**रड़गांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रड़गांव जामा मस्जिद में आज अलविदा जुमा का नमाज अदा किया गया। देश दुनिया में अमन और चैन के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगों ने दुआ मांगा।

### ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार थाना क्षेत्र मे ईद, सरहुल और रामनवमी पूजा मनाये जाने को लेकर शुक्रवार को पिपरवार थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव और संचालन पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में त्योहार को लेकर सड़को पर नियमित पानी छिड़काव कराने, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य बातो पर चर्चा की गयी। पुलिस प्रशासन द्वारा आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालो पर सख्त कारवाई करने की बात कहीं गयी। साथ ही सोसल मिडिया पर भड़काव पोस्ट करने वालो पर कड़ी कारवाई की बात कही गयी।बैठक मे मुख्य रूप से बीडीओ देवलाल उरांव, इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी, थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, अवर निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह,प्रमुख रीना कुमारी, मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, दीपक केशरी सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

### उपायुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जिला समन्वय समिति (विकास) की बैठक में भवन निर्माण, पेयजल, आपूर्ति, कृषि, सहकारिता, राजस्व, पशुपालन, सहकारिता, शिक्षा, जल छाजन, ग्रामीण विकास, नियोजनालय, कल्याण, नगर पंचायत, पंचायतीराज, परिवहन, उत्पाद, आरइओ, खेल विभाग समेत अन्य विभागों की योजनाओं समीक्षा की गयी। भवन निर्माण विभाग के तहत संचालित आंगनबाड़ी निर्माण समेत अन्य निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपायुक्त ने पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल की गहन समीक्षा करते हुए प्रखंडों में खराब पड़े चापाकल समेत अन्य पेयजल के माध्यमों को अगले एक सप्ताह में अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में शत प्रतिशत बच्चों के बीच साइकिल वितरण और ससमय छात्रवृत्ति वितरण का निर्देश दिया गया। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान दाखिल-खारिज संबंधी आवेदनों के ससमय निष्पादन का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आइटीडीए, डीसीएलआर, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### बहेरा मस्जिद में काली पट्टी बांध कर अदा की गयी अलविदा जुमा की नमाज



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार द्वारा लाये गये वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ पिपरवार के बहेरा मस्जिद और अन्य मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर अलविदा जुमा की नमाज अदा की। नमाज के बाद उलेमा के नेतृत्व में लोगों ने इस बिल के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ एक से एक कानून ला रही है जो भारतीय संविधान के खिलाफ है। वक्फ मुसलमानो की अपनी संपत्ति है। वक्फ बिल पर किसी भी तरह का संशोधन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अतः मोदी सरकार जल्द से जल्द वक्फ संशोधन बिल को वापस ले। इस मौके पर काफी संख्या में मुस्लिम समुदायलविदा जुमा का नमाज अदा की गयी

### पर्व-त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान : संजीव कुमार



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित बचरा श्रमिक क्लब में शुक्रवार को सरहुल पुर्व संध्या समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद मुंडा और संचालन उमेश उरांव ने किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मगध परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायणा, मगध परियोजना के कार्मिक प्रबंधक अभिषेक आनंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस समारोह में गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति ही गयी। कार्यक्रम में आए हुए सांस्कृतिक कलाकारों ने मांदर की थाप पर थिरकते हुए लोगों को सरहुल पर्व की गीतो पर झूमने को विवश कर दिया इस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि आपसी सौहार्द के साथ सभी लोग मिल जुलकर प्रकृति का पर्व सरहुल मनाये। पर्व त्यौहार एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर प्रदान करता है।

## सरहुल पूजा के सफल संचालन को लेकर बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सरहुल पूजा के सफल संचालन को लेकर आदर सरना स्थल परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संजय पहान ने की। बैठक में आगामी 27 अप्रैल को धूमधाम से सरहुल पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सरहुल शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कई प्रखंड के खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा में सुशोभित होकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष सूरज उराव, उपाध्यक्ष रेखा देवी, सरस्वती उरांव, सचिव पवन उरांव, कोषाध्यक्ष अमित उरांव, करमदेव भगत, विनोद भगत, सहकोषाध्यक्ष संजय पहान, चंद्रदेव उरांव, सोमनाथ उरांव, संरक्षक बलराम तिर्की, जवाहरलाल शास्त्री, राजपति देवी, भैयाराम उरांव सहित कई नाम शामिल है। मौके पर नवचयनित अध्यक्ष सूरज उरांव ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाया जायेगा। वही अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का अपील भी किया।

## 67 टीबी मरीजों के बीच रागी लड्डू का वितरण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में हिंडालको सीएसआर के सहयोग से प्रखंड क्षेत्र के 67 टीवी मरीजों एवं उनके परिवारों के बीच यक्ष्मा विभाग घाघरा के मार्गदर्शन पर पोषण युक्त फूड पैकेट और रागी लड्डू का वितरण किया गया। कार्यक्रम में टीवी विभाग के प्रखंड पर्यवेक्षक अमित प्रसाद ने मरीजों को समय पर दवा लेने, सरकार द्वारा दिये जा रहे प्रति माह सहयोग, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा बतायी जाने वाली लाभ और स्वास्थ्य जांच करने की जानकारी दी। मौके पर शंकर सिंह, अनुज सिंह, बिटिटी सीमा कुमारी, अभय भारती, रामवतार पासवान, ज्ञान प्रकाश रंजन, दीपक कुमार सहित कई टीवी मरीज उपस्थित थे।

## कर्म, त्याग और बलिदान के लिए नीलांबर पीतांबर की हो रही है पूजा : मंगल सिंह



**गुमला (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ गुमला द्वारा शुक्रवार को पालकोट रोड स्थित सामाजिक कार्यालय सभागार में प्रथम स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर पीतांबर शाही भोगता का 167वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद नीलांबर पीतांबर के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी और पूजा कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि खरवार भोगता समाज विकास संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा कि यह कर्म प्रधान देश और समाज हैं। अच्छे कर्मों की पूजा होती है। जिसका प्रमाण है नीलांबर पीतांबर का शहादत दिवस। इन्होंने समाज परिवार और मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेजी से युद्ध किया। ब्रिटिश शासन ने दोनों भाईयों को फांसी की सजा सुना दी। दोनों भाईयों ने न्याय के राह पर मौत को स्वीकार किया लेकिन अन्याय का साथ नहीं दिया। हमें नीलांबर पीतांबर के इतिहास को अध्ययन करना है और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को शिक्षित और संगठित करना है। एक अप्रैल को सरहुल महोत्सव में समाज के बैनर तले पारंपरिक वेश भूषा में भाग लेने का निर्णय लिया गया। महासचिव भरत प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर काफी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए।

## गुमला चैंबर ने जलापूर्ति विभाग के एसडीओ से की मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला चैंबर का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में पीएचइडी जलापूर्ति विभाग के एसडीओ जितेंद्र लकड़ा से मुलाकात किये। इस मुलाकात में नगर में जला पूर्ति से संबंधित कई समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। विभाग की तरफ से हर बिंदु पर सकारात्मक संकेत दिये गये। चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने संयुक्त रूप से तत्काल में एक मांग रखा है कि निकट में ईद, सरहुल और रामनवमी का त्यौहार है इन त्योहारों में पानी की कमी किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए। जलापूर्ति की व्यवस्था को और भी सुंदर ढंग से व्यवस्थित करना है, इसके लिएरामनवमी के बाद पीएचइडी जलापूर्ति विभाग विद्युत विभाग और चैंबर कॉमर्स की एक संयुक्त बैठक करके विचार विमर्श करने पर सहमति बनी। मौके पर चैबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल और कार्यकारिणी का रितेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पांच किसानों के बीच जोड़ा बैल का वितरण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को डुमरी प्रखंड के ब्लॉक परिसर में पांच यूनिट जोड़ा बैल पांच लाभुक किसानों के बीच वितरण किया गया। मुख्तार आलम ने कहा कि मैं पशुपालन विभाग के द्वारा आपूर्तिकर्ता के रूप में सूचीबद्ध किया गया हूं और कहा कि झारखंड सरकार की कार्यकारिणी योजनाएं धरातल स्तर पर चलायी जा रही है। पशुपालन विभाग के विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी लाभुक को योजना देने हेतु जिला पदाधिकारी के साथ निरंतर बैठक कर रही है। पशुपालन विभाग से जोड़ा बैल योजना किसानों को दिया जा रहा है, जिससे गरीब किसान अपना खेतीबारी सुचारू रूप से कर सके। मुख्तार आलम ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा अपने राज्य के पलायन को रोकने हेतु विभिन्न योजनाएं चल रही है, पलायन की समस्या को लेकर झारखंड सरकार बहुत गंभीर और चिंतित है। इसलिए झारखंड सरकार विभिन्न योजनाओं को अनेको विभाग के द्वारा धरातल स्तर पर चलाकर किसान और मजदूरों को रोजगार से जोड़ रही है ताकि पलायन को रोका जा सके।

## दो बाइकों की टक्कर में चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जशपुर रोड स्थित तिर्रा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की शाम 6:30 बजे दो बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना में चार लोग घायल हो गये। जबकि जोराग निवासी प्रेम बड़ाइक गंभीर रूप से घायल हो गया अन्य लोगों का प्राथमिक स्तर पर इलाज किया गया। जबकि प्रेम को सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। उसके सिर व चेहरे में काफी चोट लगी है।

# गुमला के पालकोट में हाथी ने दो को मारा

## तीन अन्य को किया घायल, गांवों के लोग भारी दहशत में

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के पालकोट प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी ने दो लोगों को मार डाला है, जबकि तीन अन्य को घायल कर दिया। इन वारदातों के बाद गांवों के लोग भारी दहशत में हैं। वन विभाग की टीम हाथियों को खदेड़ने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार तपकारा पंचायत के बरडीह और चापाटोली गांवों के चार लोगों को जंगली हाथी ने कुचला। इनमें चापाटोली निवासी खीस्तोफर एक्का की मौत हो गयी, अजय मिंज घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत की मुखिया कांति केर-केट्टा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रोहित एक्का और वन विभाग कर्मियों ने घायल को अस्पताल भेजा और आर्थिक मदद भी की। घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे घटी, जब ग्रामीण शौच के लिए गये हुये थे।

**कुसुम कोना जंगल में महिला को मारा**

हाथियों ने कुसुम कोना जंगल में तेतर टोली निवासी महिला हेमावती देवी (35) को कुचल कर मार डाला। महिला महुआ चुनने जंगल में गयी थी। यह घटना शुक्रवार की सुबह 10 बजे की है। परिजनों ने बताया कि अन्य लोगों के साथ हेमावती भी जंगल में गयी थी। जंगली हाथी को देख कर लोगों ने शोर मचाना शुरू किया, लेकिन महिला शोर नहीं सुन पायी। हाथी महिला के पास पहुंचा और उसके सिर में अपना दांत गड़ा दिया। वहीं पैर से उसके पेट को कुचल दिया। कुछ लोगों ने हाथी को भगाने की कोशिश की, लेकिन वह उन्हें खदेड़ने लगा। बाद में हाथी दर्री पानी जंगल की ओर भाग गया।

**बारडीह जंगल में हाथी के हमले से वृद्धि दंपति घायल**

उधर बारडीह जंगल में महुआ चुनने गये वृद्ध दंपति कलारा बा (60)और इमिल बा (65) हाथी के हमले में घायल हो गये। घटना शुक्रवार की सुबह पांच बजे की बतायी जाती है। दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दंपति महुआ चुनने गये और ठंड लगने के कारण वहां आग जला कर तापने लगे। इसी बीच पीछे से एक जंगली हाथी आया और उन पर हमला कर दिया। दोनों वहां से भागने लगे। इस क्रम में महिला को हाथी ने पास के एक गड्ढे में फेंक दिया। शोर सुनकरआसपास के लोग पहुंचे और दोनों को लेकर कोलेबिरा अस्पताल पहुंचे। वहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मिशन बदलाव की पहल से नालियों की सफाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातून, नगर सचिव ज्योति वर्मा और नगर अध्यक्ष ज्योति ग्लयोरिया कुजूर के नेतृत्व में गुमला शहरों में नालियों की साफ सफाई को लेकर पिछले दिनों आवेदन दिया गया था। बताया गया था कि स्थानीय लोगों के द्वारा नालियों की साफ सफाई हमेशा नहीं किया जाता है और विशेषकर अल्पसंख्यक मुहल्लों की अनदेखी के कारण गंदगी के कारण नालिया जाम पड़ा हुआ है। इसका खामियाजा मोहल्ले वासियों को भुगतना पड़ रहा है। अभी रमजान का महीना है और नमाजी आते जाते परेशान है क्योंकि नाली का पानी रोड पर जाने से सभी को गन्दा पानी पड़ रहा था, जिससे नमाजी बहुत दुखी और चिंतित थे। वहीं गंदगी से परेशान मोहल्ले वाले कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन साफ-सफाई पर वार्ड पार्षद हरजीत सिंह ने कोई गंभीरता नहीं दिखायी। मोहल्ले वालों की सूचना पर मिशन बदलाव ने नगरपरिषद कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन दिया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गुमला ने इस मामले को गंभीरता ध्यानपूर्वक देते हुए त्वरित साफ सफाई करने का आदेश सफाई कर्मचारियों को दिया और सफाई कर्मचारियों के द्वारा साफ सफाई कराया गया। वही मिशन बदलाव की सय्यदा खातून ने भी रोड पर जगह जगह गढो को मिट्टी भर कर आने जाने वालों के लिए सुविधा बनायी।

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुसलमानों ने काला बिल्ला लगाकर पढ़ी नमाज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार के द्वारा वक्फ संशोधन बिल 2024 के रूप में जो बिल लाने की तैयारी हो रही है उसके विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निदेर्शानुसार मुस्लिम धर्मावलंबियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध किया। अलविदा जुम्मा में गुमला के सभी मस्जिदों में काला बिल्ला लगाकर मुसलमानों ने नमाज अदा की। और केंद्र सरकार को मौन विरोध जताकर इस बात से अवगत कराने की कोशिश की गयी कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल 2024 किसी भी सूरत में भारत के मुसलमानो को स्वीकार नही है। ज्ञात हो इस बिल के विरोध में दिल्ली की जंतर मंतर में देश के बड़े बड़े मुस्लिम स्कॉलर, विपक्ष के सांसद गण और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी धरना पर विगत कई महीनों से बैठे हैं। उसी के आंदोलन को मजबूत करने के लिए बज्मे रब्बानी कमेटी गुमला के द्वारा गुमला में भी मुस्लिम समाज ने काला फीता लगाया। ताकि लोग जुम्मा की नमाज अदा करने जाये तो काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रकट करें।

## नम आंखों के साथ मुस्लिमों ने अदा की अलविदा जुमे की नमाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अलविदाऊ अलविदाऊ या शहरी रमजान.... जैसे ही इमाम ने खुतबे में इस आयत को पढ़ा, बरबस रोजेदारों की आंखों से आंसू निकल पड़े। मौका था अलविदा जुमे में नमाज के पूर्व खुतबे का। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र माह रमजान का आखरी जुमा यानी कि अलविदा जुमे की नमाज का दृश्य बड़ा ही भावुक था। जिला मुख्यालय समेत मुस्लिम बाहुल्य गांवों में बड़ी अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की गयी। अलविदा जुमे की नमाज में काफी संख्या में बच्चे, नवजवान और बुजुर्गो ने हिस्सा लिया। वहीं थाना रोड स्थित जामा मस्जिद के ईमाम इनाम रब्बानी ने मस्जिद में नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा कि रमजान बहुत ही बरकत वाला महीना है। रमजान माह का शुरू होते ही मुसलमान इबादतों में मशगूल हो जाते हैं। रमजानुल मुबारक अब जा रहा है। जिसके विदाई का अफसोस हर मुसलमान को है। बचे हुए रमजानुल मुबारक में हम लोगो को खूबखूब इबादत करनी चाहिए। रमजानुल मुबारक के महीना अपने आप में काफी अहमियत रखता है। इस मुबारक महीने में ही कुरान हम सब तक पहुंचा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मुस्लिमों को कुरान पढ़ने और समझने की आदत बना लेनी चाहिए। साथ ही जिस तरह रमजानुल मुबारक के महीने में हम सब अपने गुनाहे से तौबा कर इबादत करते रहे हैं उसी तरह आने वाले समय में भी हम लोगो को इबादत करते रहना चाहिए।

## जारी-चैनपुर की नयी सड़क के किनारे लाइट नहीं लगने से ग्रामीणों के बीच डर का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी से चैनपुर 10 किलोमीटर की सड़क पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो चुकी है।जारी प्रखंड वासियों की शुरू से ही मांगे थी कि चैनपुर से जारी सड़क की चौड़ीकरण हो। चैनपुर से जारी 10 किलोमीटर की सड़क चकाचक बन चुकी है। यह सड़क की दूरी लगभग 10 किलोमीटर की है। साथ ही लगभग 27 करोड़ की लागत से बनायी गयी है। यह सड़क बनने पर चैनपुर, कुरूमगढ़, कोटामा, घाघरा सहित अन्य जगहों के व्यापारी इसी सड़क से होकर झारखंड से लगे छत्तीस गढ़ के सीमावर्ती जिला जशपुर व्यापार के लिए आना-जाना कर सकेंगे जो कि पहले का अपेक्षा 20 से 30 किलोमीटर की दूरी कम पड़ेगी। पहले लोग मांझाटोली होते हुए घूम कर जशपुर जिला व्यापार करने के लिए जाया करते थे। लेकिन अब व्यापारियों सहित कई लोगों को जशपुर जिला जाना काफी आसान हो चुका है। वही परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की धर्मपत्नी स्वर्गीय बलमदीना एक्का की भी शुरू से ही चैनपुर से जारी सड़क बनाने के लिए मुख्य मांग थी। हालांकि स्व बलमदीना एक्का इस दुनिया में नहीं रही। लेकिन उनका सपना अब जा के साकार हुआ है। लेकिन इस सड़क में अभी भी कुछ कमियां हैं जिन्हे दूर करना अतिआवश्यक है। जारी के ग्रामीण कह रहे हैं कि करोड़ों रुपया तो खर्च कर दिए साहब लेकिन कुछ पैसा और खर्च कर चैनपुर जारी बॉर्डर स्थित घने जंगलों के बीच से जो सड़क गुजरी है। उस सड़क के दोनों साइड यदि लाइट लगवा देते हैं।तो प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण को रात्रि के समय आने जाने में सुविधा होती। ग्रामीण आज भी रात में सफर करते हुए डरते हैं। डर लगने का कारण है कि रात्रि के समय जंगली हाथी सड़क पर ही खड़े रहते हैं। राहगीरों को अक्सर जंगली हाथियों का सामना करना पड़ता है।

## रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

## 2 से शाम 7 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर वर्जित की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक शुक्रवार को अंचलाधिकारी आशीष मंडल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक रामनवमी, सरहुल व ईद पर्व को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। जहां मौजूद प्रशिक्षु डीएसपी शिव शंकर मरांडी ने रामनवमी को सौहार्दपूर्ण, शांतिपूर्ण के साथ धूमधाम से मनाने का आग्रह किया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सभी अखाड़ों के पदधारियों से जुलूस में होने वाले समस्याओं से अवगत हुए और सुविधाओं को कैसे मुहैया कराया जाये, जिस पर विस्तार से चर्चा की गयी। भारी वाहनों को रामनवमी और सरहुल के दिन दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक प्रवेश वर्जित की मांग पर सहमति बनी। डीजे को लेकर सभी अखाड़ा को भड़काऊ गाना और अत्यधिक आवाज पर नियंत्रण पर ध्यान रखने की बात कही गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में मुख्यालय डीएसपी विजेंद्र टोप्पो, बीडीओ दिनेश कुमार, इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षक प्रदीप प्रसाद सहित सैकड़ो की संख्या में शांति समिति के सदस्य व अन्य मौजूद थे।

### एसपी ने किया सकारात्मक प्रयास घाघरा में निकलेगा रामनवमी का जुलूस

**बता दे कि केंद्रीय महावीर मंडल घाघरा ने पुलिस के भय से रामनवमी नहीं मानने का निर्णय लिया था। इस पुरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह ने गंभीरता दिखाते हुए घाघरा के प्रबुद्ध जनों से गुमला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बातचीत करके जो दरार थी उसको समाप्त करते हुए रामनवमी पूजा और जुलूस निकालने के लिए सहमति बना कर सभी को त्यौहार मनाने के लिए राजी कर लिये है।**


## प्रपत्र VII
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

संख्या– 354 /भू0अ0, रामगढ़, दिनांक 12/03/2025

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा कोड़ी, थाना नं0 61, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा मतकमा चौक (SH-2 पर)–पाली–सांकी–चुटूपालू (NH-33 पर) पथ (लंबाई–20.76 Km) एवं कौडी बाजार से चिकोर भाया सुड्डी लिंक पथ (लंबाई–4.43 Km) सहित (कुल लंबाई–25.19 Km) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.69125** एकड़ यानि 1.4938 हेक्टेयर है, और जो मौजा कोड़ी, थाना नं0 61, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03 | 425 | रैयती | टांड़–II | 0.1200 | सुकरा मुण्डा वगै0 पिता स्व0 एतवा मुण्डा | 421 | 318 | 424 | 426 |
| 2 | 03 | 806 | रैयती | टांड़–II | 0.0311 | षिवनारायण मुण्डा पिता स्व0 जागेष्वर मुण्डा | 947 | 804 | 805 | 808 |
| 3 | 06 | 420 | रैयती | टांड़–I | 0.0052 | सावन मुण्डा वगै0 पिता स्व0 कषुवा मुण्डा | 418 | 318 | 421 | 417 |
| 4 | 08 | 812 | रैयती | धान खेत–I | 0.0200 | बसंती देवी पति स्व0 हिरूवा बेदिया | 813 | 811 | 816 | 318 |
| 5 | 09 | 449 | रैयती | खलीहान | 0.0700 | अज्ञात | 434 | 701 | 432 | 450 |
| 6 | 20 | 452 | रैयती | खलीहान | 0.0300 | लालमोहन मुण्डा पिता स्व0 चन्दु मुण्डा | 445 | 318 | 449 | 453 |
| 7 | 12 | 445 | रैयती | टांड़–II | 0.0072 | सोहराय मुण्डा वगै0 पिता बन्दु मुण्डा | 444 | 452 | 446 | 443 |
| 8 | 12 | 725 | रैयती | परती कदीम | 0.0072 | सोहरइया मुण्डा वगै0 पिता बन्दरू मुण्डा | 318 | 326 | 318 | 1001 |
| 9 | 12 | 727 | रैयती | खलीहान | 0.0242 | सोहरइया मुण्डा वगै0 पिता बन्दरू मुण्डा | 726 | 734 | 318 | 734 |
| 10 | 13 | 447 | रैयती | टांड़–II | 0.01625 | फुलदेव बेदिया वगै0 पिता स्व0 विरसाय बेदिया | 438 | 318 | 448 | 456 |
| 11 | 12 | 803 | रैयती | टांड़–II | 0.0175 | सोहराय मुण्डा वगै0 पिता बन्दरू मुण्डा वो देवलाल मुण्डा पिता लखिया मुण्डा | 318 | 778 | 802 | 777 |
| 12 | 22 | 448 | रैयती | बकब्जे मोसमात बीगनी मुण्डा | 0.0032 | बिगन मुण्डा वगै0 पिता भरत मुण्डा | 438 | 318 | 434 | 447 |
| 13 | 12 | 977 | रैयती | टांड़–II | 0.3600 | राजकुमार बेदिया वो रवि बेदिया पिता स्व0 भोला बेदिया भीमलाल मुण्डा वगै0 पिता स्व0 रूसुबा मुण्डा, पुरनी देवी पति इन्दु बेदिया, धाना बेदिया पिता गिरधारी बेदिया, भीमलाल मुण्डा पिता रूसुवा मुण्डा, छोटेलाल करमाली पिता स्व0 महावीर करमाली, सुनील मुण्डा पिता स्व0 सोमरा मुण्डा, सलमति देवी पति दिनेष बेदिया, कंचन मुण्डा वगै0 पिता स्व0 बन्दरू मुण्डा | 976 | 979 | दाडी दाग | 802 |
| 14 | 23 | 414 | रैयती | – | 0.01200 | बृजलाल बेदिया वगै0 पिता स्व0 डोमन, छोटु मुण्डा/राजेन्द्र मुण्डा पिता सुन्दर मुण्डा | 405 | 318 | 429 | 430 |
| 15 | 23 | 802 | रैयती | जामुना टॉड़ | 0.4200 | सुन्दर बेदिया वगै0 पिता स्व0 पुरन बेदिया बृजलाल बेदिया वगै0 पिता स्व0 डोमन बेदिया, तिलका बेदिया पिता स्व0 चमटु बेदिया, सुरेष बेदिया पिता स्व0 चमटु बेदिया, रामेष्वर बेदिया पिता स्व0 सीता बेदिया, धनेष्वर बेदिया पिता स्व0 कमला बेदिया | 804 | 795 | 891 | 803 |
| 16 | 25 | 503 | रैयती | करंज टॉड–I | 0.0173 | जीबो मुण्डा वगै0 पिता स्व0 भगत मुण्डा | 422 | 511 | 505 | 502 |
| 17 | 27 | 423 | रैयती | कटहर बारी–I | 0.0400 | सोना मुण्डा पिता स्व0 अमृत मुण्डा | 428 | 318 | 326 | 424 |
| 18 | 27 | 501 | रैयती | टॉड–I | 0.0193 | फदड़ मुण्डा वगै0 पिता मुटरा मुण्डा | 491 | 512 | 502 | 500 |
| 19 | 30 | 433 | रैयती | झाड़ी–I | 0.0074 | जुगल बेदिया वगै0 जतरू बेदिया | 410 | 318 | 432 | 434 |
| 20 | 30 | 808 | रैयती | तेहरवा टॉड़–I | 0.1561 | राजन बेदिया पिता ढोटन बेदिया, राजेन्द्र बेदिया पिता ढोटन बेदिया | 822 | 804 | 806 | 809 |
| 21 | 30 | 976 | रैयती | जामुन टॉड–I | 0.0400 | ढोटन बेदिया पिता भुगलु बेदिया, सुलेन बेदिया पिता ढोटन बेदिया भुनेष्वर बेदिया पिता स्व0 साधना बेदिया | 698 | 802 | 966 | 975 |
| 22 | 32 | 429 | रैयती | – | 0.0200 | गंगो मुण्डा वगै0 पिता स्व0 विदेषिया मुण्डा | 415 | 318 | 428 | 414 |
| 23 | 32 | 430 | रैयती | कोइनार बीटा–I | 0.01575 | कमेष्वर मुण्डा पिता स्व0 जोगी मुण्डा | 413 | 318 | 414 | 431 |
| 24 | 32 | 431 | रैयती | कोइनार बीटा–I | 0.02475 | कमेष्वर मुण्डा पिता स्व0 जोगी मुण्डा | 413 | 318 | 430 | 432 |
| 25 | 32 | 504 | रैयती | टॉड़–I | 0.07800 | गंगवा मुण्डा वगै0 पिता स्व0 विदेषी मुण्डा | 495 | 570 | 505 | 503 |
| 26 | 32 | 505 | रैयती | टॉड़–III | 0.0900 | कमेष्वर मुण्डा पिता स्व0 भोगी मुण्डा | 495 | 509 | 506 | 505 |
| 27 | 32 | 507 | रैयती | टॉड़–I | 0.0700 | गंगवा मुण्डा वगै0 पिता स्व0 विदेषी मुण्डा, राम विलाष मुण्डा पिता सुन्दर मुण्डा | 459 | 508 | 693 | 495 |
| 28 | 39 | 443 | रैयती | – | 0.0017 | दुबराज करमाली पिता स्व0 भन्दु करमाली | 449 | 453 | 445 | 442 |
| 29 | 40 | 424 | रैयती | करजीबारी –I | 0.0385 | सोना मुण्डा सुकरा मुण्डा पिता स्व0 एतवा मुण्डा | 421 | 318 | 425 | 425 |
| 30 | 42 | 724 | रैयती | टॉड़ | 0.0393 | सोहरइया मुण्डा वगै0 पिता स्व0 बन्दरू मुण्डा | 318 | 1001 | 318 | 713 |
| 31 | 37 | 450 | रैयती | रैयती–I | 0.0200 | सोना मुण्डा वगै0 पिता स्व0 अमृत मुण्डा | 447 | 701 | 448 | 451 |
| 32 | 35 | 427 | रैयती | रैयती–I | 0.0200 | जगन बेदिया वगै0 पिता स्व0 साधु बेदिया | 420 | 710 | 426 | 417 |
| 33 | 35 | 508 | रैयती | टॉड़–III | 0.0096 | जगन बेदिया वगै0 पिता स्व0 साधु बेदिया वो बिनोद बेदिया पिता दषय बेदिया | 509 | 678 | 692 | 409 |
| 34 | 36 | 810 | रैयती | – | 0.0684 | सोना मुण्डा पिता अमृत मुण्डा | 817 | 809 | 808 | 811 |
| 35 | 33 | 446 | रैयती | टॉड़–I | 0.0044 | मगन करमाली पिता रामेष्वर करमाली | 448 | 318 | 432 | 450 |
| 36 | 32 | 496 | रैयती | टॉड़–I | 0.0600 | गंगवा मुण्डा वगै0 पिता स्व0 विदेषे मुण्डा | 493 | 506 | 495 | 497 |
| 37 | 27 | 454 | रैयती | रैयती–I | 0.0100 | सोना मुण्डा अमृत मुण्डा वो फदड मुण्डा पिता मुटरा मुण्डा वगै0 | 442 | 318 | 443 | 455 |
| 38 | 05 | 317 | रैयती | धान खेत | 0.0237 | बुधु बेदिया वगै0 पिता स्व0 चोरहे बेदिया वो बालु बेदिया वगै0 पिता स्व0 विरसा बेदिया वगै0 | 315 | 318 | 829 | 318 |
| 39 | 33 | 459 | रैयती | टॉड़–II | 0.1100 | मंगरा बेदिया पिता साधना बेदिया | 460 | 693 | 458 | 494 |
| 40 | 37 | 695 | रैयती | मकान–I | 0.0012 | सोना मुण्डा पिता अमृत मुण्डा वगै0 | 318 | 600 | 696 | 694 |
| 41 | 37 | 697 | रैयती | खलिहान–I | 0.0040 | सोना मुण्डा पिता स्व0 अमृत मुण्डा वगै0 | 318 | 600 | 698 | 696 |
| 42 | 35 | 451 | रैयती | खलिहान–I | 0.0200 | जगन बेदिया पिता स्व0 झण्डु बेदिया | 449 | 318 | 450 | 452 |
| 43 | - | 490 | रैयती | – | 0.2100 | सवना मुण्डा वगै0 पिता स0 कसुवा मुण्डा, शीतला बेदिया वो मितला बेदिया पिता षिवनाथ बेदिया | 488 | 499 | 500 | 491 |
| 44 | - | 491 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0109 | जंगला बेदिया वगै0 पिता स्व0 पुसवा बेदिया वो मंगला बेदिया वगै0 पिता स्व0 चरना बेदिया वो अघनु बेदिया वगै0 | 483 | 493 | 492 | 490 |
| 45 | - | 506 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0500 | नागेष्वर बेदिया वगै0 पिता स्व0 टेपा बेदिया वो दषरथ बेदिया वगै0 वो दुखा बेदिया वगै0 | 495 | 509 | 507 | 505 |
| 46 | - | 453 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0200 | कामेष्वर मुण्डा पिता स्व0 जोगी मुण्डा | 442 | 318 | 452 | 454 |
| 47 | - | 432 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0200 | लालमोहन मुण्डा पिता स्व0 चन्दरू मुण्डा | 412 | 318 | 431 | 433 |
| 48 | - | 434 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0042 | पुरन महतो पिता स्व0 बलकू महतो | 435 | 449 | 423 | 448 |
| 49 | - | 458 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.2100 | जगदीष बेदिया पिता स्व0 दुरूवा बेदिया सुन्दर लाल बेदिया पिता स्व0 टेपा बेदिया | 463 | 318 | 452 | 454 |
| 50 | - | 428 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0125 | सुधवा बेदिया वगै0 पिता स्व0 झबुवा बेदिया | 415 | 318 | 417 | 429 |
| 51 | - | 417 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0250 | रंगदु बेदिया वगै0 पिता स्व0 गिरधारी बेदिया | 401 | 318 | 420 | 428 |
| 52 | - | 696 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0054 | सवना मुण्डा पिता चैता मुण्डा | 318 | 600 | 697 | 695 |
| 53 | - | 734 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0141 | दषरथ बेदिया पिता स्व0 झन्हुआ बेदिया | 728 | 733 | 735 | 729 |
| 54 | - | 735 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.3500 | सोना मुण्डा पिता स्व0 अमृत मुण्डा | 318 | 736 | 318 | 734 |
| 55 | - | 972 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0128 | सोहन बेदिया वगै0 पिता चरकू बेदिया | 971 | 804 | 973 | 971 |
| 56 | - | 973 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.1500 | चरका मुण्डा वगै0 पिता स्व0 वो कामेष्वर मुण्डा वगै0 पिता स्व0 जोगिया मुण्डा | 971 | 802 | 974 | 972 |
| 57 | - | 497 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.1300 | चरका मुण्डा पिता भकुरा मुण्डा | 591 | 513 | 496 | 498 |
| 58 | - | 974 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.2331 | चैता मुण्डा वगै0 पिता स्व0 एतवा मुण्डा, पैरो देवी पति रामधन बेदिया, विगन बेदिया पिता स्व0 बढ़न बेदिया | 971 | 802 | 976 | 973 |
| 59 | - | 811 | रैयती | खतियान फटा है। | 0.0800 | पुरन मुण्डा वगै0 पिता स्व0 बनजा मुण्डा | 816 | 804 | 810 | 318 |
| | | | कुल रकवा | | 3.69125 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है।

ह0/– कानूनगो, रामगढ़।

ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़।

ह0/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़।

ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.349439
Land Reforms(24-25):D

## लोहा लदा टेंपो जब्त




**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर थाना के गस्ती दल ने डिगवाडीह गणेश पूजा मैदान के निकट एक माल वाहक टेपों जब्त किया, जिसमें एक टन लोहा की पाइप लदा था। जोड़ापोखर थाना प्रभारी लोहे की जांच कर रहे है। बतातें चलें कि जोड़ापोखर क्षेत्र में लोहा चोरों ने सम्राज्य कायम किया हुआ है। पूर्व में बीसीसीएल की भूलन बरारी बंद स्टोर से लाखों रुपये का लोहा चोरी कर लिया था। जोड़ापोखर पुलिस बार-बार यही कहती हैं कि कंपनी की स्क्रैप को रोकने की जवाबदेही सीआइएसफ की है। दूसरी ओर सीआईएसफ के जवानों का कहना है कि जवानों का उक्त स्थल पर पोस्ट नहीं है। ऐसे में लौह सामग्री को चोरी से बचाने की जवाबदेही पुलिस की है।

### दहशत : गोलियों की तड़तड़ाहट से फिर दहला धनबाद

# वर्चस्व को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष, एक को लगी गोली, तनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** वर्चस्व को लेकर कोयलांचल एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। इस घटना में एक व्यक्ति को गोली लगी है। उसकी पहचान ललन पासवान के रूप में हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना ईस्ट बसूरिया ओपी और गोंदुडीह सीमा क्षेत्र के पास घटित हुई। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की देर रात वर्चस्व को लेकर कोयला तस्करों



घायल ललन पासवान का अस्पताल में चल रहा इलाज।

और मजदूरों के बीच जमकर गोलीबारी हो गयी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही ईस्ट बसेरिया ओपी पुलिस पहुंची। अस्पताल में घायल ललन पासवान से पुलिस पूछताछ कर रही है। ललन कुमार पासवान के भांजा पंकज कुमार पासवान ने बताया कि गोली चलाने वाले लोग दो नंबर से कोयला उठाव करना चाह रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों तरफ से बहस हुई। बात बढ़ने पर गोली चल गयी। दूसरी ओर, डॉक्टरों की मानें तो ललन पासवान की स्थिति खतरे से बाहर है। वहीं, गोलीबारी की सूचना मिलते ही इस्ट बसूरिया ओपी पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल से पूछताछ की। ललन ने पुलिस को बताया है कि कोयला कारोबार को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है। इस रंजिश में हमलोगों पर हमला किया गया। फिलहाल पुलिस घटनास्थल पर जाकर मामले की छानबीन कर रही है। वहीं. आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है।

# खोरधा रोड मंडल ने 300 मिलियन टन माल ढुलाई का रिकॉर्ड बनाया

- भारतीय रेलवे का कोई भी अन्य मंडल अब तक 300 मिलियन टन माल ढुलाई का रिकॉर्ड कभी हासिल नहीं कर पाया है।



आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधा रोड।** खोरधा रोड मंडल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में यानी 01.04.2024 से 27.03.2025 तक 300 मिलियन टन (एमटी) माल यातायात कर इतिहास रचा है। यह भारतीय रेलवे का प्रथम ऐसा मंडल है जिसने लोडिंग और अनलोडिंग सहित 300 मिलियन टन माल ढुलाई हासिल की है। भारतीय रेलवे का कोई अन्य मंडल अब तक 300 मिलियन टन माल ढुलाईके लक्ष्या तक नहीं पहुंच सका है। इस अवधि के दौरान, कुल लोड किया गया माल 161.2 मिलियन टन और कुल अनलोड किया गया माल 139.74 मिलियन टन है। विभिन्न परिचालन चुनौतियों के बावजूद, खोरधा रोड मंडल के सभी लोडिंग तथा अनलोडिंग बिंदुओं पर सरकारी क्षेत्रों और उद्योगों के साथ सही योजना और समन्वय के माध्यम से यह रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धि हासिल करना संभव हो सका। खोरधा रोड के क्षेत्राधिकार के भीतर प्रमुख माल ढुलाई के लिए मुख्य योगदानकर्ता तालचेर, पारादीप, धामरा, मेरामंडली, जखपुरा, सुकिंदा, केरजंग में प्रमुख इस्पात संयंत्र, नयागढ़ में लौह अयस्क और गोपालपुर बंदरगाह से विभिन्न अन्य उत्पाद शामिल हैं। ढुलाई की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में कोयला, इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चा माल, तैयार इस्पात, लौह अयस्क, उर्वरक और सीमेंट, खाद्यान्न, खनिज तेल आदि जैसे अन्य सामान शामिल हैं। खोरधा रोड मंडल रेल प्रबंधक के गतिशील नेतृत्व में मंडल ने माल ढुलाई परिचालन में लगातार नयी उपलब्धियां हासिल की हैं। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) एचएस बाजवा ने अधिकारियों और कर्मचारियों के अथक प्रयासों की सराहना की और इस सफलता का श्रेय उनके समर्पण और टीम वर्क को दिया।

## आइपीएल को लेकर कोयलांचल में धड़ल्ले से चल रहा ऑनलाइन सट्टेबाजी का कारोबार



**महुदा (आजाद सिपाही)।** पुलिस प्रशासन की सख्ती के बावजूद धनबाद कोयलांचल में आइपीएल को लेकर ऑनलाइन सट्टेबाजी का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। महुदा, ईस्ट बसुरिया, लोयाबाद, भूली और कतरास क्षेत्र में प्रशासन की लापरवाही के चलते सट्टेबाजों के हौसले बुलंद हैं। सूत्रों की मानें तो महुदा के गोरी, लोयाबाद के नाका, पंजक, ईस्ट बसुरिया के सिंटू, आमबगान के विशाल, गेरेड़िया के प्रकाश, कतरास के विकास और सुबोध जैसे प्रमुख नाम हैं जो सट्टे के इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं। इनका नेटवर्क युवाओं को झांसा देकर सट्टे के जाल में फंसा रहा है। बताया जा रहा कि ये लोग आईपीएल के लिए वेबसाइटों से 15-20 लाख रुपए में फ्रेंचाइजी खरीदते हैं और फिर अपने एजेंटों के माध्यम से सट्टेबाजी को लोगों तक पहुंचाते हैं। इस नेटवर्क के जरिए लोगों को लालच देकर इन वेबसाइटों और व्हाट्सअप के माध्यम से सट्टा लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। गोरी ने महुदा में अब तक पांच लोगों को इन वेबसाइटों की आईडी बेची हैं, जिसके जरिए महुदा बाजार सहित पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के इलाकों में खुलेआम सट्टेबाजी चल रही है। बतातें चलें कि कुछ वर्षों पहले महुदा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पदुगोड़ा पंचायत क्षेत्र के एक घर में छापामारी की थी, जहां से दर्जनों मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर बरामद किया गया था। हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई से सट्टेबाजों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और आज भी सट्टे का बाजार गर्म है। हाल ही में, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का ऐलान किया था और नए सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 के तहत सैकड़ों अवैध पोर्टल्स को ब्लॉक करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद, महुदा, ईस्ट बसुरिया, लोयाबाद, भूली और कतरास क्षेत्र में यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण सट्टेबाजों का नेटवर्क दिन-प्रतिदिन मजबूत हो रहा है। पुलिस अब तक इस रैकेट पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हुई है।

# वेश्यावृत्ति के नाम पर ठगी, तीन शातिर साइबर ठग हुए गिरफ्तार

### मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद तक फैला है नेटवर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** साइबर थाने की पुलिस ने वेश्यावृत्ति के नाम पर ठगी करने वाले तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनका नेटवर्क मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद तक फैला है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिकंदर यादव (34), चंदन यादव (22) और विवेक साहू (28) के रूप में हुई है। सभी मूल रूप से हजारीबाग के रहने वाले हैं। फिलहाल धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे हैं। पुलिस ने तीनों को बरवाअड्डा स्थित रंजीत महतो के मकान में छापामारी कर गिरफ्तार किया है। इनके पास से नौ मोबाइल फोन, 14 सिम कार्ड, 13 एटीएम कार्ड और 50 हजार



रुपये नकद बरामद किए गए हैं। उक्त जानकारी साइबर डीएसपी ने दी। वे शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर टीम गठित कर उक्त मकान में छापामारी की गई? तीनों आरोपी उक्त किराए के मकान में रहकर नेटवर्क के जरिए अन्य शहरों में भी अपना जाल फैला रहे थे। अपराधियों ने स्कोका डॉट इन और अन्य एडल्ट प्लेटफार्मों पर वेश्यावृत्ति का विज्ञापन पोस्ट कर ग्राहकों से ठगी और भयादोहन करते थे। पूछताछ में अपराधियों ने यह भी बताया कि वे वेश्यावृत्ति का गिरोह भी चला रहे थे और लोगों को ऑनलाइन झांसा देते थे।

# एनटीपीसी ने एससी-एसटी और महिला उद्यमियों के लिए विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने एमएसएमइ मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रीय एससी-एसटी हब (एनएसएसएच) के तहत एससी-एसटी और महिला उद्यमियों के लिए एक विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनटीपीसी के विक्रेता पंजीकरण, ई-निविदा प्रक्रिया और खरीद प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता पैदा करके एससी-एसटी समुदायों के उद्यमियों और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी बोंगाईगांव के महाप्रबंधक (ओ एंड एम) देबब्रत कर उपस्थित



थे, जिन्होंने अपने संबोधन में स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए व्यावसायिक अवसरों को सक्षम करके समावेशी विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

कार्यक्रम का आयोजन अनुबंध और सामग्री विभाग, एनटीपीसी बोंगाईगांव द्वारा ओम नारायण सिंह, एजीएम (सी एंड एम) के नेतृत्व में किया गया था। एनकेडी पिकू सहायक निदेशक एमएसएमइ-डीएफओ, गुवाहाटी, पीटर थांगनेहिचिना वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, एनएसएसएचओ गुवाहाटी, और अरुणव शर्मा, ई-टेंडरिंग प्रोफेशनल, एनएसएसएचओ गुवाहाटी, ने सभा को संबोधित किया, प्रतिभागियों के साथ बातचीत की, और योजनाओं, खरीद नीतियों और तकनीकी आवश्यकताओं पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की।

## थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए 55 यूनिट रक्त संग्रह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह की अध्यक्षता में शहीद निर्मल महतो मेडिकल एंड हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक में लगातार खून की कमी को देखते हुए धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के नेतृत्व और रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल की ओर से शुक्रवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह ने बताया कि मीडिया बंधुओं से पता चला है कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एसएनएमएमसीएच में खून की कमी से कई बच्चों की जान आफत में आ गई थी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए आरसीडीसी के पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक सिटी अजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कपिल चौधरी से संपर्क कर अविलंब रक्तदान शिविर का आयोजन कराया। इस अवसर पर सभी पुलिस उपाधीक्षक डीएन बांका, शंकर कामती, अरविंद कुमार सिंह, एसके सिंह मजीद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं खुद रक्तदान करने में पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह, डॉ विभाष सहाय, देवेन तिवारी, अमित जैन, विनीत तुलस्यान, दीपक बंसल, राहुल दोकानिया, शिवम अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल, राजेश जालुका, बलराम अग्रवाल सहित धनबाद पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, सराईढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी, सोनू कुमार आदि ने रक्तदान कर इस मुहिम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इस रक्तदान शिविर में करीब 55 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

# कंटेनर एवं दो पिक-अप में लदे 57 मवेशी बरामद

**डुमरी/बेरमो (आजा सिपाही)।** डुमरी थाना अंतर्गत कुलगो टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार की सुबह जेएलकेएम एवं विहिप से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पशुओं से भरा एक कंटेनर पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान पुलिस ने कंटेनर चालक, खलासी एवं एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार किया है। साथ ही कंटेनर को जब्त कर थाना ले गयी। वहीं कंटेनर में लदे पशुओं को पोरदाग गुरुटांड़ स्थित राधेकृष्ण गौशाला में भेज दिया गया है। बताया जा रहा कि पशुओं से लदा कंटेनर पश्चिम बंगाल जा रहा था। इसी बीच ट्रक कुलगो टोल प्लाजा के पास खराब हो गई। कुछ लोगों को शक होने पर इसकी सूचना जेएलकेएम एवं विहिप सदस्यों को दी। सूचना पाकर जेएलकेएम एवं विहिप नेता अपने समर्थकों के साथ टोल प्लाजा पहुंच कर जानकारी ली। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। कंटेनर में खचाखच पशु भरा था। जिसकी गिनती की जा रही थी। इधर, संयुक्त सनातन गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि ऐसे अवैध कार्य में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कहा कि प्रतिदिन एनएच-19 से होकर अवैध पशुओं से लदे छोटे बड़े वाहनों का परिचालन किया जाता है। जिसपर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। वहीं गौशाला के संचालक धानेश्वर महतो ने पुलिस प्रशासन से मवेशियों के लिए चारा की व्यवस्था करने की अपील की है। उनका कहना है कि किसी स्तर से कोई सहयोग नहीं मिलने एवं आर्थिक रूप से संपन्न नहीं रहने के कारण क्षमता से अधिक पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करने में काफी परेशानी होती है। पता चला है कि उक्त कंटेनर में 36 गाय, 2 बाछा, दो सांड़, 11 बैल एवं 5 बछिया लदे थे। वहीं, क्रूरता पूर्वक लादे गए गौवंशीय पशुओं के कारण एक गाय की मौत हो गई। दूसरी ओर, पशुओं से लदे दो और पिक-अप वैन को भी पकड़ा गया है। हालांकि उसमें लदे दुधारु पशुओं की पहुंच स्थल की सत्यता की जांच की जा रही थी। इस संबंध में एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि एक कंटेनर और दो पिक-अप को पकड़ा गया है। कंटेनर में कुल 57 मवेशी थे, जिन्हें मुक्त कराया गया। साथ ही तीन लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है।

# धोरपानी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रेंगाली।** आदित्य एल्युमिनियम, लपंगा द्वारा बोमालेई पंचायत के धोरपानी गांव में अंताराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में आदित्य एल्युमिनियम, लपंगा के आसपास के क्षेत्रों की 450 से अधिक महिलाएं, विभिन्न स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), सीआरपी, एमडब्ल्यूके, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि शामिल हुईं। इस अवसर पर महिलाओं को अधिक से अधिक स्वावलंबी बनाने और इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में रेंगाली ब्लॉक के अध्यक्ष सत्य नारायण अग्रवाल उपस्थित रहे।



इसके अलावा, सरकारी विभागों के अधिकारी, जैसे कि श्रीमंत होता (ओआरएमएएस), शर्मिष्ठा साहू (ओआरएमएएस), भारती बेशरा (डीपीसी), सांतुन कुमार भोई (डीआइसी) सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। आदित्य एल्युमिनियम, लपंगा की ओर से भी कई प्रमुख अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए, जिनमें बिनोदा नंद ठाकुर (मानव संसाधन प्रमुख), रजत मजूमदार (वित्त विभाग प्रमुख), गुलशन तिवारी (शक्ति विभाग प्रमुख), हेमरंजन पटनायक (भूमि विभाग), प्रीति नायर (मानव संसाधन), पीयूष राज गुरु (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी) शामिल थे। इसके अतिरिक्त, महिला संघ (आदित्य टाउनशिप), टीम एसोसिएट, मानव संसाधन विभाग के कर्मचारी, हीराकुद के परिपार्श्विक विकास विभाग के सभी कर्मचारी और 'ग्राम उत्थान' एवं 'हेल्प एनजीओ' ने इस कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दिया।

### बोकारो एसपी ने घोर नक्सल क्षेत्र चतरो चट्टी में आयोजित किया कार्यक्रम

# नक्सलियों का डर अब खत्म हो रहा : बोकारो एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** एसपी मनोज स्वर्गियरी ने सुक्रवार को घोर नक्सल क्षेत्र चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चुट्टे फुटबॉल मैदान में कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। जहां क्रिकेट और फुटबॉल सहित अन्य खेल कराकर बच्चों को खेल सामग्री वितरित किया। इस दौरान बच्चों को स्कूल बैग कॉपी किताब पेंसिल भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में शामिल होने आई गांव की महिला ने कहा कि पहले की अपेक्षा अब महिलाएं भी आगे आ रही हैं। हम लोग कई घटनाओं में पुलिस के साथ मिलकर लोगों को न्याय दिलाने का भी काम किए हैं। जिसका लाभ अब आम लोगों के साथ



पुलिस को भी मिल रहा है। वहीं, मुखिया रियाज अंसारी ने बताया कि पहले इस इलाके का थाना गोमिया हुआ करता था लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। लेकिन आज दो थाना और एक आप बनाकर पूरे इलाके के लोगों के लिए सुविधा हुई है। इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहने चाहिए क्योंकि इलाके में कई समस्या है जिसे दूर करना भी प्रशासन और पुलिस का कर्तव्य है। जबकि एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत हम लोग यहां आए थे। लोगों की भीड़ देखकर काफी अच्छा लगा। हम कह सकते हैं कि नक्सलियों का डर अब खत्म हो रहा है। पुलिस और पब्लिक एक दूसरे के सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम के उद्देश्य से युवाओं में जो भटकाव नक्सली करना चाहते हैं उसे रोकना है और लोगों को सरकारी लाभ भी पहुंचना है। इस माध्यम से हम लोग नक्सलवाद से जाने से लोगों को रोक सकते हैं और विकास की रोशनी अंतिम इलाके तक पहुंच भी सकते हैं। कार्यक्रम में एसडीपीओ बेरमो, सीओ, बीडीओ गोमिया, गोमिया इंस्पेक्टर, चतरोचट्टी थाना प्रभारी एवं कई थाना प्रभारी भाग लिए।

## ओल्ड एज होम में मनी स्व स्नेहलता सिन्हा की पुण्यतिथि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सबलपुर, सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम में शुक्रवार को स्वर्गीय स्नेहलता सिन्हा की 7वीं पुण्यतिथि मनाई गई। आश्रम में लगे उनके चित्र पर वृद्धजनों एवं उनके परिजनों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। मटकुरिया निवासी समाजसेवी एवं स्वर्गीय स्नेहलता सिन्हा के पति कृष्ण प्रसाद सिन्हा ने कहा कि ओल्ड एज होम और लालमुनि वृद्धा सेवा आश्रम के 64 महिला एवं पुरुष के खानपान, वस्त्र, दवाई एवं अन्य रोजमर्रा के वस्तुओं सहित अन्य जीवन यापन का व्यवस्था की जिम्मेदारी से निभा रहे हैं। वृद्धजनों की सेवा में अनीश कुमार, नितेश कुमार, अनिल कुमार सिन्हा, रौनक सिन्हा, रेयान सिन्हा, रोशनी कुमारी, शेफाली सिन्हा, सुनीता सिन्हा और वंदना सिन्हा आदि लगे हुए हैं।

### अमेरिकी विवि का दल किट-किस की यात्रा पर

# शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के नये युग का सूत्रपात

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वाशिंगटन-बोथेल विश्वविद्यालय (यूडब्ल्यूबी) का 18 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल इन दिनों किट और किस की 10 दिवसीय यात्रा पर है। इस यात्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के एक नये मॉडल का उदाहरण पेश किया है जो सहयोगात्मक शिक्षण, सक्रिय समस्या-समाधान और अंतर-सांस्कृतिक शैक्षणिक साझेदारी के माध्यम से व्यावहारिक सीखने को प्राथमिकता देता है। 19 मार्च को शुरू हुई यह पहल अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक जुड़ाव में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। यह यात्रा निष्क्रिय ज्ञान-साझाकरण अभ्यास की बजाय समाधान-संचालित सहयोग के लिए एक इंक्यूबेटर बन गयी है। फील्ड स्टडी प्रैक्टिकल पर किट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसओएम) के 11 छात्रों के साथ 11 यूडब्ल्यूबी छात्र और दो संकाय सदस्य काम कर रहे हैं। साथ में वे स्थानीय व्यापार समूह



के सामने आने वाली वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों का विश्लेषण कर रहे हैं और स्थायी समाधान विकसित करने के लिए अपनी संयुक्त विशेषज्ञता का लाभ उठा रहे हैं। इस बीच पांच यूडब्ल्यूबी संकाय सदस्य किट और किस के विभिन्न स्कूलों में व्याख्यान और ज्ञान विनिमय सत्र आयोजित कर रहे हैं, जो महाद्वीपों को जोड़ने वाले एक गतिशील शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा दे रहे हैं। सहयोगात्मक शिक्षण का यह मॉडल वैश्विक शिक्षा में एक उभरती हुई सर्वोत्तम प्रथा है, जहां एक समृद्ध, अधिक विविध शिक्षण अनुभव बनाने के लिए संस्थानों में विशेषज्ञता को एकत्रित किया जाता है। इस पहल का सबसे उल्लेखनीय पहलू स्थानीय डेटा तक निर्बाध पहुंच है, जो छात्रों को प्रासंगिक समाधान प्रदान करने की क्षमता को बढ़ाता है। किट के छात्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार ढांचे में अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं, जबकि यूडब्ल्यूबी के छात्र भारत में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र का प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं जो बात इस पहल को और भी उल्लेखनीय बनाती है वह यह है कि किट एक राष्ट्रीय मिसाल कायम कर रहा है। वाशिंगटन विश्वविद्यालय-बोथेल प्रतिनिधिमंडल का किट और किस के साथ अकादमिक सहयोग एक विनिमय कार्यक्रम से कहीं अधिक है।

## कांग्रेस और पुलिस के बीच झड़प में 12 पुलिसकर्मी घायल

# आरोपी बख्शे नहीं जायेंगे : डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को विधानसभा का घेराव किया था। इसी दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झड़प हो गयी। पुलिस महानिदेशक ने कहा है कि वर्दी पर हाथ लगाने वाले को बख्शा नहीं जायेगा। रिपोर्टों के अनुसार, लोअर पीएमजी गुरुवार को एक युद्ध का मैदान बन गया। पहले कांग्रेस कार्यकर्ता ने हाथापाई, कुर्सी, अंडे और पथराव किया। जिस में 12 से ज्यादा पुलिसकर्मी और कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गयये। डीजीपी वाइबी खुरानिया ने अस्पताल में घायल पुलिसकर्मियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैं घायलों से मिलने नहीं आया, मैं देखने आया हूं कि असामाजिक लोगों की गतिविधियां कैसी हैं। हम असामाजिक कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ेंगे। उनको ढूंढ-ढूंढ कर जेल में डाला जायेगा। पुलिस डीजी ने कहा कि उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जायेगी।

## वेतन वृद्धि और पेंशन को लेकर विधानसभा में विधायकों ने की मांग



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** विधायकों की वेतन वृद्धि का मुद्दा विधानसभा में उठा। विधायक ने वेतन और पूर्व विधायकों की पेंशन में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों सांसद वेतन वृद्धि की मांग की हैं। विपक्ष की मुख्य सचेतक प्रमीला मलिक ने विधायकों के वेतन में वृद्धि और पूर्व विधायकों की पेंशन में वृद्धि की मांग की है। प्रमिला मलिक ने भाजपा विधायक वास्कर मढेई की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को लागू करने की मांग की। बाजार कीमतें और चिकित्सा खर्च बढ़ गये हैं। इसलिए उन्होंने विधायकों का वेतन और पूर्व विधायकों की पेंशन बढ़ाने की मांग की। विपक्षी दल के उप सचेतक प्रताप देव ने भी मांग की। सत्तारूढ़ दल के विधायक पूर्णचंद्र सेठी ने भी वेतन और पेंशन में बढ़ोतरी की मांग की। समिति के अध्यक्ष भास्कर मढेई ने कहा कि पूर्व विधायक की हालत बहुत दयनीय है। विधायकों को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी धन की आवश्यकता होती है। इसलिए वेतन और पेंशन बढ़ायी जानी चाहिए।

## बिजली सेवा देने के लिए टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड तैयार : सीइओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बुर्ला इस गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली सेवा प्रदान करने के लिए टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा व्यापक तैयारी की गयी है। पांचों मंडल के जिलों के लिए यह प्रारंभिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसके लिए टीपीडब्ल्यूओडीएल की ओर से संबलपुर जिले के अंइठापाली में एक बहुमंजिला प्रसाद की घोषणा की गयी है। प्रेस कांफ्रेंस में इन तैयारियों के बारे में विस्तार से बताते हुए टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण बर्मा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न बिजली बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कंपनी की ओर से 790 करोड़ रुपये और सरकार की ओर से 498 करोड़ रुपये (कुल 1280 करोड़ रुपये) खर्च किये गये हैं। चालू वित्त वर्ष के दौरान, 33 केवी लाइनों के 24 सीकेएम का उन्नयन किया गया है, 62 सीकेएम नयी लाइनें स्थापित की गई हैं और 5 नए बिजली उप-स्टेशनों (पीएसएस) का निर्माण किया गया है। हालांकि, पिछले दो वर्षों में सभी 9 जिलों में कालबैशाखी की संख्या 52 से बढ़कर 227 हो गई है। इस अघोषित प्राकृतिक आपदा को देखते हुए कंपनी की ओर से 6 घंटे के अंदर बिजली सेवा बहाल करने की पूरी तैयारी कर ली गयी है। इस पूरी तकनीकी तैयारी के साथ-साथ राज्य आपदा प्रबंधन केंद्र, जिला नियंत्रण कक्ष, अग्निशमन सेवा, वन विभाग, सड़क एवं भवन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, राज्य सड़क निर्माण निगम, स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है।

## पूर्व तट रेलवे ने समय से पहले स्क्रैप बिक्री लक्ष्य को पार किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलव ने वित्तीय वर्ष के समापन से पहले ही 250 करोड़ रुपये के अपने स्क्रैप बिक्री लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और उससे भी आगे निकल गया है। रेलवे बोर्ड ने 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए 250 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे 21 मार्च, 2025 को प्रभावशाली ढंग से हासिल किया गया, निर्धारित समय से दस दिन पहले। इस तिथि तक, पूर्वी तटीय रेलवे ने कुल 265.62 करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री दर्ज की है, जो मूल लक्ष्य से अधिक है। पूर्व तट रेलव के महाप्रबंधक श्री परमेश्वर फंकवाल ने स्क्रैप निपटान प्रक्रिया में शामिल पूरी टीम को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी। यह उपलब्धि प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक प्रेम नारायण द्वारा स्क्रैप निपटान प्रणाली की निरंतर निगरानी और सूक्ष्म समीक्षा के कारण संभव हो पाई है। इसके अतिरिक्त, लौह, अलौह और गैर-धातु स्क्रैप के साथ-साथ कंडम मशीनरी, वाहन और कार्यालय उपकरण की आधार पर नीलामी की गयी। समय पर निपटान की सुविधा के लिए, पूर्वी तटीय रेलवे 2013 से अपने समर्पित भारतीय रेलवे इ-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आइआरइपीएस) पोर्टल के माध्यम से इ-नीलामी आयोजित कर रहा है।








हिन्दी दैनिक आजाद सिपाही Classified





































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**